आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 123 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, गुरुवार, 08 मई, 2025

# ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान हुआ लाल...

## 25 मिनट में छह शहरों के नौ आतंकी ठिकानों पर बरसाए बम, 100 आतंकी मारे

- भारत का दावा- आतंकी लॉन्चपैड और ट्रेनिंग सेंटर्स तबाह
- पाकिस्तान का आरोप- मस्जिदों और पाक नागरिकों को बनाया निशाना
- पाक ने माना- भारत ने 80 फाइटर जेट से की बमबारी, 24 मिसाइलें दागी
- आज 11 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई, रक्षा मंत्री करेंगे अध्यक्षता

एजेंसी ● नई दिल्ली

पहलगाम के बाइसरन घाटी में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद आखिरकार भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर ही दी। भारतीय नौसेना ने मंगलवार आधी रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की। डेढ़ बजे तक हुए इस हवाई हमले में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। 25 मिनट के इस हमले में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। भारत ने इस अभियान का नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' दिया। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि ये नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा- भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं, जिसमें मस्जिदों और पाकिस्तानी नागरिकों को निशाना बनाया गया। उधर, भारत सरकार ने गुरुवार सुबह 11 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इसकी अध्यक्षता राजनाथ सिंह करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नॉर्वे, क्रोएशिया और नीदरलैंड की यात्रा को फिलहाल स्थगित कर दिया है। हालांकि, इसके पीछे के कारणों को लेकर आधिकारिक बयान अब तक नहीं आया है।

### पाक ने तोड़ा सीजफायर 16 भारतीयों की मौत

एलओसी पर पाकिस्तानी सेना द्वारा भयानक गोलाबारी में 16 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई और 100 से अधिक गंभीर रुप से जख्मी हो गए थे। एलओसी से सटे इलाकों में भयानक मंजर के बीच हजारों लोग घर बार छोड़ भाग रहे हैं। कुछेक हिम्मत कर बंकरों में दुबके हुए हैं जबकि उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने इंटरनेशनल बार्डर पर जीरो लाइन से सटे गांवों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का निर्देश दिया है।

### ऑपरेशन सिंदूर पर PM मोदी का पहली प्रतिक्रिया ये तो करना ही था

इस ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पीएम मोदी ने कैबिनेट मंत्रियों को जानकारी देते हुए सेना की तारीफ की। सूत्रों का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देते हुए पीएम मोदी ने करीब चार मिनट तक ऑपरेशन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया । इस बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि ये तो होना ही था। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। हमें हमारी सेना पर गर्व है। इस सफल ऑपरेशन के लिए कैबिनेट मंत्रियों ने मेजें थपथपाकर पीएम मोदी को बधाई दी और कार्रवाई का स्वागत किया। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस रखेगी। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री और एनएसए अजीत डोभाल से भी अलग से मुलाकात की और मौजूदा हालात का जायजा लिया।

भारतीय सेना ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के जरिए सटीक और सुनियोजित हमले किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार 7 लोक कल्याण मार्ग से इस ऑपरेशन की निगरानी कर रहे थे। एनएसए अजीत डोभाल लगातार उन्हें जानकारी दे रहे थे।

राष्ट्रपति मुर्मू से मिले पीएम मोदी - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से किए गए मिसाइल हमले के कुछ घंटे बाद बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

















### एयर स्ट्राइक के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा 'हनुमान जी के आदर्श का पालन किया, उन्हीं को मारा जिन्होंने मासूमों की जान ली'

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बुधवार को 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 50 बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय सेना ने देश का मस्तक ऊंचा किया है। सिंह ने कहा ऑपरेशन सिंदूर के लिए मैं हमारी सेना के जवानों और अधिकारियों को पूरे देश की ओर से साधुवाद देता हूं। हमने हनुमान जी के उस आदर्श का पालन किया है, जो उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ते समय किया था- जिन मोहि मारा, तिन मोहि मारे। अर्थात केवल उन्हीं को मारा जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेनाओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च करके, पहले की तरह ही, इस बार भी आतंकियों को ट्रेनिंग देने वाले कैम्पों को तबाह करके करारा जवाब दिया है। भारत ने अपनी सरजमीं पर हुए हमले का जवाब देने के लिए, अपने 'राइट टू रिस्पॉन्ड' का इस्तेमाल किया है। हमने यह कार्रवाई बेहद सोच-समझकर, सधे हुए तरीके से की गई है। आतंकियों के हौसले पस्त करने के उद्देश्य से, यह कार्रवाई महज उनके कैम्पों, और बुनियादी ढ़ांचे तक ही सीमित रखी गई है। मैं हमारे सशस्त्र बलों के शौर्य को नमन करता हूं।'

### पाक पीएम शहबाज ने कुबूली एयर स्ट्राइक की बात

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत की एयर स्ट्राइक से हुए नुकसान की बात कुबूल की है। उन्होंने कहा कि कल रात भारत पूरी तैयारी के साथ आया और 80 फाइटर जेट से



पाकिस्तान में 6 जगहों को निशाना बनाया। हमारे 'दुश्मन' ने रात के अंधेरे में हम पर हमला किया, लेकिन अल्लाह की दुआ से हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम रही। उन्होंने कहा कि इस हमले में बच्चों समेत कई नागरिक मारे गए। अल्लाह उन्हें बख्शे और जन्नत में जगह दे। पहलगाम हमले की खबर मिली। हमने तभी साफ कर दिया था कि इस हमले से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। हमने कहा था कि हम भी सहयोग करने को तैयार हैं, लेकिन भारत ने हमारी पेशकश स्वीकार नहीं की। शहबाज ने कहा- इस कार्रवाई से भारत ने हमें युद्ध के लिए उकसाया है। जब भी कोई उकसावे की स्थिति होगी, हमारी सेनाएं जवाबी कार्रवाई के लिए चौबीसों घंटे तैयार रहेंगी।'




### कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन दी जानकारी

एयर स्ट्राइक के करीब 9 घंटे बाद सरकार, सेना और एयरफोर्स के अफसरों ने घटना की जानकारी दी। बुधवार सुबह 10:30 बजे मीडिया ब्रीफिंग से पहले एयर स्ट्राइक का 2 मिनट का वीडियो प्ले किया गया। इसमें बताया गया कि मंगलवार रात 1:04 बजे से 1:11 बजे के बीच 7 मिनट में 9 टारगेट तबाह किए गए। हालांकि ऑपरेशन पूरा होने में कुल 25 मिनट का समय लगा। देश के इतिहास में पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस में आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी मौजूद थे।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा- मंगलवार-बुधवार की रात 1.05 से 1.30 बजे के बीच ऑपरेशन हुआ। पहलगाम में निर्दयता से जिन निर्दोष पर्यटकों को मारा गया, उसके लिए यह ऑपरेशन किया गया। हमने पाकिस्तान और PoK में 9 टारगेट चुने थे और स्ट्राइक में इन्हें तबाह कर दिया गया। इन जगहों पर लॉन्चपैड, ट्रेनिंग सेंटर्स को टारगेट किया गया। हमने विश्वसनीय सूचनाओं और इंटेलिजेंस के आधार पर इन लक्ष्यों को चुना। ऑपरेशन के दौरान हमने यह निश्चित किया कि बेगुनाह लोगों और सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान न पहुंचे। PoK में सबसे पहले टारगेट सवाई नाला मुजफ्फराबाद में था, यह लश्कर का ट्रेनिंग सेंटर था। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम हमले के आतंकियों ने यहीं ट्रेनिंग ली। मुजफ्फराबाद के ही सैयदना बिलाल कैंप में आतंकियों को हथियार, विस्फोटक और जंगल सर्वाइवल की ट्रेनिंग दी जाती थी।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, गुरुवार, 08 मई, 2025
www.adityabharat.com



### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने विंडसर प्रो को 12.49 लाख रुपये + 4.5 रुपये /किमी के बीएएएस मूल्य पर लॉन्च किया

# भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली इवी अब प्रो के रूप में आई

**एजेंसी ● गुरुग्राम**

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज एमजी विंडसर प्रो को लॉन्च किया है, जो व्यावसायिक श्रेणी की यात्रा को और भी आरामदायक और सुरक्षित बनाने वाला है। इस नए मॉडल में उन्नत तकनीकी सुविधाएं और सुरक्षा फीचर्स के साथ 52.9 kWh की नई बैटरी शामिल की गई है। लॉन्च के बाद से एमजी विंडसर को ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, और अब प्रो सीरीज़ की शुरुआत इसके बाज़ार में प्रदर्शन को और मजबूत बनाएगी। एमजी विंडसर प्रो को एक आकर्षक प्रारंभिक बीएएएस मूल्य 12.49 लाख रुपये + 4.5 रुपये /किमी और एक्स-शोरूम कीमत 17,49,800 रुपये (पहली 8,000 बुकिंग्स के लिए वैध) पर लॉन्च किया गया, एमजी विंडसर प्रो इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेजी से बदलाव को बढ़ावा देने का वादा करता है।

**लॉन्च**

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपने बैटरी-एज़-ए-सर्विस (बीएएएस) मॉडल की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और कोटक महिंद्रा प्राइम जैसे नए वित्तीय साझेदारों को अपने साथ जोड़ा है। यह स्वामित्व मॉडल ईवी खरीदने को भारतीय ग्राहकों के लिए अधिक लचीला और सुलभ बनाता है।



इस अनोखी स्वामित्व योजना की शुरुआत सितंबर 2024 में की गई थी और वर्तमान में इसे छह वित्तीय संस्थाओं का सहयोग प्राप्त है, जिनमें बजाज फिनसर्व, हीरोफिन कॉर्प, ईकोफाय, विद्युतटेक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और कोटक महिंद्रा प्राइम शामिल हैं। कंपनी एमजी विंडसर प्रो के पहले मालिक को जीवनभर की बैटरी वारंटी प्रदान करेगी। इसके अलावा, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया एमजी विंडसर प्रो के लिए अपनी 3-60 आश्वस्त बायबैक योजना*** भी पेश करेगी, जो यह सुनिश्चित करती है कि 3 साल बाद इसका 60% मूल्य बना रहेगा।

एमजी विंडसर प्रो के लॉन्च पर बात करते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक अनुराग मेहरोत्रा ने कहा, 'एमजी विंडसर ने भारत के 4W-इवी सेगमेंट की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, अपनी आकर्षक मूल्य प्रस्तावना के साथ ग्राहकों का विश्वास जीता है। पहले खरीदारों से मिली



सकारात्मक प्रतिक्रिया ने इसके तेजी से स्वीकार किए जाने को बढ़ावा दिया, और इसे मेट्रो शहरों के अलावा टायर II और III बाजारों में भी विस्तार करने में मदद की। पारंपरिक से अलग एक ऐसा उत्पाद पेश करके, हम नए खरीदारों के एक नए समूह से जुड़ने में सफल रहे हैं। हमारे भागीदारों के साथ मिलकर, हम भारतीय ऑटो उद्योग में नवाचार लाने और सही समय पर सही तकनीक के साथ प्रासंगिक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एमजी विंडसर प्रो का लॉन्च हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो इवी के प्रति विश्वास बढ़ाने, अधिक विकल्प देने और ग्राहकों को सतत गतिशीलता के भविष्य में आत्मविश्वास के साथ कदम रखने के लिए प्रेरित करने की दिशा में है।'

**प्रो बैटरी, इंटीरियर और स्टाइल** : अब विंडसर प्रो में बड़ा 52.9 kWh का बैटरी पैक दिया गया है, जो 449 किमी** (एमआईडीसी पी1 + पी2) की प्रमाणित रेंज देता है। यह 136 पीएस की पावर और 200 एनएम का त्वरित टॉर्क प्रदान करता है। इसके अलावा, विंडसर प्रो तीन नए और आकर्षक रंग विकल्पों में उपलब्ध होगा — सेलेडॉन ब्लू, ऑरोरा सिल्वर और ग्लेज़ रेड। इसके साथ ही नए 18-इंच ड्यूल-टोन मशीन अलॉय व्हील्स इसे और भी स्टाइलिश बनाते हैं। नया ड्यूल-टोन आइवरी और ब्लैक इंटीरियर एक बिल्कुल नया केबिन अनुभव देगा।

**प्रो सुरक्षा** : विंडसर प्रो अब लेवल 2 एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) के साथ आता है, जिसमें 12 प्रमुख सुरक्षा फीचर्स शामिल हैं। यह सिस्टम ऑडियो, विजुअल और हैप्टिक – तीन स्तरों की चेतावनियों के माध्यम से यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इन फीचर्स में शामिल हैं: ट्रैफिक जैम असिस्ट, व्हीकल सेफ स्टॉप, एडेप्टिव क्रूज़ कंट्रोल, बेंड क्रूज़ असिस्टेंस (जो एसीसी का एक उप-फंक्शन है), लेन डिपार्चर वार्निंग, लेन डिपार्चर प्रिवेंशन, लेन कीप असिस्ट, इंटेलिजेंट हेडलैम्प कंट्रोल, फॉरवर्ड कोलिज़न वार्निंग, ऑटोमैटिक इमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम और इंटेलिजेंट हाइड्रोलिक ब्रेकिंग असिस्टेंस।

**प्रो टेक और सुविधा**

: नया विंडसर प्रो अब कई उन्नत "प्रो" फीचर्स के साथ आता है, जो आराम, तकनीक और प्रीमियम अनुभव को और बेहतर बनाते हैं। इसमें अब व्हीकल-टू-लोड (वी2एल) और व्हीकल-टू-व्हीकल (वी2वी) जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं। वी2एल तकनीक के ज़रिए उपयोगकर्ता कार से सीधे बाहरी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चार्ज कर सकते हैं, जो इसे आउटडोर गतिविधियों और प्रोफेशनल इस्तेमाल के लिए आदर्श बनाता है। वहीं वी2वी तकनीक के माध्यम से समान इलेक्ट्रिक वाहनों के बीच ऊर्जा साझा की जा सकती है, जो एमजी की टिकाऊ नवाचार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके अलावा, कार में पावर्ड टेलगेट भी दिया गया है, जो उपयोगकर्ताओं को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करता है एमजी विंडसर प्रो में भविष्य की सोच को दर्शाने वाला एयरो ग्लाइड डिज़ाइन दिया गया है और यह एमजी के ग्लोबल स्मार्ट इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म पर आधारित है, जो अपनी विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है। इसके नए इंटीरियर्स बेहद आलीशान हैं, और 135 डिग्री तक झुकने वाली एयरो लाउंज सीट्स हर सफर को एक प्रीमियम अनुभव बना देती हैं। साथ ही, इसका विशाल इंफिनिटी व्यू ग्लास रुफ बिज़नेस-क्लास जैसा अहसास कराता है। आई -स्मार्ट # तकनीक से लैस यह कार 80 से अधिक कनेक्टेड फीचर्स, 100 से ज्यादा एआई आधारित वॉयस कमांड्स और कई मनोरंजन विकल्पों के साथ आती है, जो सेंटर कंसोल में लगे 15.6 इंच के ग्रैंड व्यू टच डिस्प्ले के जरिए नियंत्रित किए जा सकते हैं।

## शॉर्ट न्यूज

### 6 वर्ष बाद पकड़ाया ऑनलाइन फ्रॉड करने वाला आरोपी

**इंदौर।** राज्य साइबर सेल की टीम ने शहर के एक युवक के क्रेडिट कार्ड से राशि ट्रांसफर करने वाले अलवर राजस्थान के आरोपी को वारदात के 6 साल बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। राज्य साइबर सेल एसपी सब्यांची सराफ ने बताया कि घटना 7 दिसंबर 2019 की हैं।युवक अमन से फेसबुक एड्स के जरिये आरोपी का संपर्क हुआ था और आरोपी ने फरियादी को झांसे में लेकर 37 हजार 440 रुपए की राशि उसके क्रेडिट कार्ड से अपने खाते में ट्रांसफर करवा ली।मामले में जांच के बाद केस दर्ज किया गया था।इस मामले में इंस्पेक्टर नरेंद्र रघुवंशी एएसआई राम प्रकाश बाजपेयी की टीम ने कार्रवाई करते हुए अलवर राजस्थान निवासी राहुल कुमार को गिरफ्तार किया हैं।आरोपी ने 5 ट्राजेक्शनों के माध्यम से उक्त राशि अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करवाई थी ।

### हाइवे पर हादसा इंदौर शिक्षा संस्थान के 5 कर्मचारी घायल

इंदौर। एमपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं परीक्षा में टॉपर छात्रों का इंटरव्यू लेकर कार से इंदौर लौट रहे एक शिक्षा संस्थान के 5 कर्मचारी मैहर (सतना) क्षेत्र में बीती रात सड़क हादसे का शिकार हो गए। नेशनल हाइवे पर रोड क्रॉस करते समय कार और तेज रफ्तार ट्राले में जोरदार भिड़ंत हो गई। सभी घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों के नाम संतोष ठाकुर, संदीप यादव, तुषार, योगिता सिंह और एकता राजपूत बताए गए हैं। ये सभी इंदौर के अरिविहान इंस्टीट्यूट एंड टेक्नोलॉजी संस्थान के कर्मचारी हैं। वे सोमवार को इंदौर से रवाना होकर अमरपाटन में 12वीं की टॉपर प्रियल द्विवेदी का इंटरव्यू लेने के बाद रीवा गए थे और वहां से इंदौर लौट रहे थे तभीरोड क्रॉस करते समय कंचनपुर मोड़ पर एनएच 30 पर हादसा हो गया।

### ट्रैफिक बाधित कर रही 30 बसें जब्त कर RTO परिसर में खड़ी करवाई

**इंदौर।** सड़कों पर नो पार्किंग में खड़ी 30 बसों को प्रशासन ने जब्त किया है। पिछले दिनों कलेक्टर आशीष सिंह ने बस ऑपरेटरों की बैठक लेकर कहा था कि बसों को सड़कों पर पार्क न किया जाए। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि सड़कों पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वाली बसों को जब्त किया गया। मधुमिलन चौराहा, झाबुआ टॉवर, पिपलिहाना, रिंग रोड , तीन इमली चौराहा एवं गंगवाल बस स्टैण्ड पर बसों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान वाहनों के फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये गए। बसों में ओवरलोडिंग और अधिक किराए की भी जांच की गई। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों, बेतरतीब खड़ी रहने वाली बसों पर कार्रवाई करते हुए 30 बसों को जब्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में रखा गया है।

# सांची का दूध 2 रुपए महंगा

### अमूल और मदर डेयरी की देखादेखी लिया निर्णय

**संवाददाता ● इंदौर**

दुग्ध उत्पादक कंपनी सांची ने एक बार फिर अपने दूध के दाम बढ़ाने का फैसला लिया है। 1 से 2 रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है, जो तत्काल प्रभाव से लागू भी हो गई है। इससे पहले अमूल और मदर डेयरी जैसे बड़े ब्रांड्स ने भी दाम बढ़ाए थे। सांची की यह नई कीमतें, खासकर उन उपभोक्ताओं के लिए चिंता का कारण बन सकती हैं, जो रोज अपने परिवार के लिए दूध खरीदते हैं। सांची कंपनी ने अपनी कीमतों में इजाफे का कारण दूध उत्पादन की लागत और कच्चे माल की महंगाई को बताया है। इस वृद्धि से पैक्ड दूध के दामों में बढ़ोतरी होगी, जबकि खुले दूध की कीमतों में भी इजाफा देखा जा रहा है। यह मूल्यवृद्धि उन उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण बदलाव है, जो सांची दूध का नियमित रूप से उपयोग करते हैं। सांची के दूध में वृद्धि का असर अब अन्य शहरों में भी देखा जाएगा, जहां सांची के पैक्ड दूध की खपत काफी अधिक है।

**चिंता**

**दूध उत्पादन की लागत बढ़ गई** - सांची दूध के दाम बढ़ाने का मुख्य कारण बताया गया है कि कच्चे माल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, साथ ही दूध उत्पादन की लागत भी बढ़ गई है। यह बढ़ोतरी न केवल पैक्ड दूध पर बल्कि खुले दूध की कीमतों में भी प्रभाव डाल रही है। भोपाल जैसे शहरों में खुले दूध की मांग अधिक है और कई डेयरियों ने खुले दूध की कीमतों में भी 2 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। सांची ने यह कदम उठाया है ताकि वे अपने उत्पादन और वितरण को सुचारु रूप से चला सकें, लेकिन इस बढ़ोतरी का सीधा असर आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा। खासतौर पर उन परिवारों पर जो रोज दूध खरीदते हैं।



**नई दरें इस प्रकार होंगी**

| उत्पाद वर्तमान | नई | |
|---|---|---|
| फुल क्रीम गोल्ड | (500 ml) | .33.34 |
| फुल क्रीम गोल्ड (1 लीटर) | .65 | .67 |
| स्टैण्डर्ड दूध शक्ति (500 ml) | .30 | .31 |
| टोण्ड दूध ताजा (500 ml) | .27 | .28 |
| डबल टोंड दूध स्मार्ट (500 ml) | .25 | .26 |
| चाह दूध (1 लीटर) | 58 | .60 |

### बिजली कार्मिकों के भविष्य निधि खाते की शेष राशि पर ब्याज दर तय

**संवाददाता ● भोपाल**

w07 मई। मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा कार्मिकों के भविष्य निधि खाते की शेष राशि पर वार्षिक ब्याज दर तय कर दी हैं। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल कर्मचारी भविष्य निधि न्यास की 91वीं बैठक में लिए गए निर्णय के पश्चात जारी आदेश के अनुसार मध्य प्रदेश विद्युत मंडल कर्मचारी भविष्य निधि न्यास के वित्तीय वर्ष 2024-25 में सेवारत/ दिवंगत अथवा सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों के भविष्य निधि खाते की शेष राशि पर 9.50% (साढ़े नौ प्रतिशत) वार्षिक दर से ब्याज का भुगतान किया जाएगा। इसी तरह से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्राविधिक रूप से 9% वार्षिक ब्याज दर से ब्याज का भुगतान किया जाएगा। यहां गौरतलब है कि मध्य प्रदेश विद्युत मंडल कर्मचारी भविष्य निधि न्यास द्वारा यदि अंतिम ब्याज दर 9% वार्षिक से कम निर्धारित की जाती है तो स्वीकृत किए गए भविष्य निधि अंतिम भुगतान के प्रकरणों को पुनः नहीं खोला जाएगा तथा यदि अंतिम ब्याज दर 9% वार्षिक से अधिक निर्धारित की जाती है तो उन कार्मिकों को ब्याज के अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा।

# बजाज आलियांज लाइफ ने की अपने अब तक के सबसे बड़े बोनस

### 1,833 करोड़ रुपये की घोषणा, पॉलिसीधारकों को मिलेगी लाभ

**एजेंसी ● पुणे**

बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस, भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, ने वित्तीय वर्ष 2024-25 (FY25) के लिए अब तक का सबसे बड़ा 1,833 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड बोनस घोषित किया है। यह FY24 में घोषित 1,383 करोड़ रुपये के बोनस की तुलना में 32% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। इस बोनस से कंपनी के भाग लेने वाले (लाभ के साथ) उत्पादों में निवेश करने वाले 11.71 लाख से अधिक पॉलिसीधारकों को लाभ होगा। इस घोषणा के साथ, बजाज आलियांज लाइफ ने लगातार 24 वर्षों तक वार्षिक बोनस घोषित करके ग्राहकों को मूल्य प्रदान करने की अपनी मजबूत परंपरा को जारी रखा है।

31 मार्च 2025 तक लागू पारंपरिक भाग लेने वाली पॉलिसियों के पॉलिसीधारक इस बोनस के लिए पात्र होंगे, जो भाग लेने वाले फंड से उत्पन्न अधिशेष से घोषित किया गया है। बजाज आलियांज लाइफ विभिन्न प्रकार के भाग लेने वाले उत्पाद प्रदान करता है, जिनमें शामिल हैं: बजाज आलियांज लाइफ ACE (एक गैर-लिंक्ड, भाग लेने वाला, व्यक्तिगत जीवन बीमा बचत योजना), बजाज आलियांज लाइफ ACE एडवांटेज (एक गैर-लिंक्ड, भाग लेने वाला, जीवन बीमा बचत योजना), और बजाज आलियांज लाइफ एलीट एश्योर (एक गैर-लिंक्ड, भाग लेने वाला, व्यक्तिगत जीवन बीमा बचत योजना) जो ग्राहकों को उनकी विविध जीवन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए बढ़ी हुई लचीलापन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इन योजनाओं के पॉलिसीधारक, अन्य के साथ, घोषित बोनस से लाभान्वित होंगे।

इसके अतिरिक्त, कंपनी ने उच्च इक्विटी आवंटन वाले उत्पादों, बजाज आलियांज लाइफ ACE – वेल्थ ऑप्शन और बजाज आलियांज लाइफ फ्लेक्सी इनकम गोल – एन्हांस्ड बेनिफिट (एक गैर-लिंक्ड, भाग लेने वाला, गारंटीशुदा आय जीवन बीमा योजना) के पॉलिसीधारकों के लिए 5% का विशेष रिवर्शनरी बोनस घोषित किया है, जो 206 करोड़ रुपये का है। इस घोषणा पर बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ तरुण चुघ ने कहा, "हमें इस वर्ष अपने अब तक के सबसे बड़े वार्षिक भाग लेने वाले (PAR) बोनस 1,833 करोड़ रुपये की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह हमारी समझदारीपूर्ण निवेश रणनीतियों और मजबूत वित्तीय नींव की ताकत को दर्शाता है, जो हमें अपने ग्राहकों के लिए लाभ प्रदान करने में मदद करता है। एक ग्राहक-प्रथम जीवन बीमाकर्ता के रूप में, हम प्रदर्शन-आधारित समाधानों के लिए प्रतिबद्ध हैं जो वास्तव में लोगों को आत्मविश्वास के साथ अपने जीवन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं।" प्रत्येक वित्तीय वर्ष में घोषित बोनस पॉलिसी परिपक्वता या निकास के समय वितरित किए जाते हैं।

### पुलिस की जनसुनवाई में पहुंचे बड़ी संख्या में आवेदक

**संवाददाता ● इंदौर**

पुलिस कंट्रोल रूम में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने शिकायत लेकर आए पीड़ितों की बातें सुनीं और संबंधित अपने अधिकारियों को शिकायत आवेदनों की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

पलासिया पुलिस कंट्रोल रूम इस मंगलवार जनसुनवाई में बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता पहुंचे। जनसुनवाई में आई हुई शिकायतों में परिवारिक विवादों से लेकर कालोनाइजरों के द्वारा एक प्लॉट की दूसरी बार रजिस्ट्री करना तो पुलिस थाने के पुलिस कर्मी द्वारा वारंट आने के नाम पर युवक को परेशान करना। इन मामलों में पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने अपने साथी अधिकारियों को पीड़ितों की तत्काल ही सुनवाई कर निष्पक्ष जांच के आदेश दिए। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह जनसुनवाई में आज बाणगंगा थाने से ज्यादा जुड़ी शिकायत के आवेदन आए। पीड़ित विमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि उन्होंने दो प्लॉट लिए थे जिसमें से एक प्लॉट की दूसरी बार रजिस्ट्री कालोनाइजर प्रयंक जैन और रमेश जैन द्वारा की गई ओर कालोनाइजर द्वारा परेशान किया जा रहा है।

## अपना प्लॉट दूसरों को बेचने वाले कॉलोनाइजर की शिकायत सहित अन्य मामले लेकर पहुंचे लोग



### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बिमटेक के दीक्षांत समारोह में स्नातकों से अपने कर्तव्यों को अधिकारों से ऊपर रखने का किया आह्वान

# बिमटेक ने आयोजित किया 37वां वार्षिक दीक्षांत समारोह

### 713 विद्यार्थियों को प्रदान की उपाधि

**एजेंसी ● ग्रेटर नोएडा**

भारत के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने आज इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड में आयोजित अपने 37वें वार्षिक दीक्षांत समारोह के साथ अपनी समृद्ध विरासत में एक और अध्याय जोड़ा। यह दीक्षांत समारोह बिमटेक के प्रमुख पीजीडीएम पाठ्यक्रमों – पीजीडीएम, पीजीडीएम (रिटेल मैनेजमेंट), पीजीडीएम (इंश्योरेंस बिजनेस मैनेजमेंट), पीजीडीएम (इंटरनेशनल बिजनेस), पीजीडीएम (ऑनलाइन) और फैलोशिप प्रोग्राम के छात्रों के लिए आयोजित किया गया। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने वर्चुअल माध्यम से दीक्षांत समारोह में शिरकत की। बिमटेक की डाइरेक्टर डॉ. प्रवीणा राजीव और गवर्निंग बोर्ड की अध्यक्षा श्रीमती जयश्री मोहता भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं। उनके साथ, खैतान एंड कंपनी के सीनियर पार्टनर (विवाद निवारण, रियल एस्टेट) श्री नंद गोपाल खैतान तथा बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य श्री विकास कंदोई भी उपस्थित थे।

**समारोह**

इस अवसर पर माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने कहा, 'हमारे देश को पहलगाम में चुनौती दी गई है। इस समय हमारे पास सबसे बड़ा आश्वासन हमारी दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता है। लेकिन हमें भारतवासियों के रूप में एकजुट होकर खड़ा होना होगा। भारत के भीतर और बाहर जो शक्तियाँ देशविरोधी हैं, उन्हें निष्क्रिय करना आवश्यक है। ऐसे समय में हमें अपने मूल अधिकारों को अपने मूल कर्तव्यों से नीचे रखना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'आज दुनिया जिस गति से बदल रही है, वह औद्योगिक क्रांतियों से कहीं अधिक तेज़ है। इस समय भारत वैश्विक अवसर और विकास का केंद्र बन चुका है। जब विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ कठिनाइयों का सामना कर रही हैं, तब भी हमने अपनी प्रगति की दिशा को बनाए रखा है और 'फ्रैजाइल फाइव' से निकलकर विश्व की पाँच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गए हैं। आइए हम यह संकल्प लें कि हम उन सभी कमियों को दूर करने की दिशा में कार्य करें और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोच्च प्रतिबद्धता के साथ पोषित कर अपने लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाएं।'

**इस वर्ष कुल 713 विद्यार्थियों ने स्नातक की उपाधि प्राप्त की**

इस वर्ष कुल 713 विद्यार्थियों ने स्नातक की उपाधि प्राप्त की, जिनमें पीजीडीएम, पीजीडीएम (रिटेल मैनेजमेंट), पीजीडीएम (इंश्योरेंस बिजनेस मैनेजमेंट), पीजीडीएम (इंटरनेशनल बिजनेस), पीजीडीएम-ऑनलाइन और एक्जीक्यूटिव फैलोशिप प्रोग्राम इन मैनेजमेंट के विद्यार्थी शामिल हैं। इस समारोह में 18 विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए पदक और प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया गया। स्व. बसंत कुमार बिड़ला एवं सरला बिड़ला की प्रेरणा से संचालित बिमटेक ने प्रबंधन शिक्षा में नवाचार की मिसाल कायम की है। संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न विशेषीकृत पाठ्यक्रम—जैसे PGDM, PGDM-IB, PGDM-RM, PGDM-IBM, PGDM-Online, FPM एवं EFPM—छात्रों को वैश्विक नेतृत्व के लिहाज से तैयार करते हैं। हाल ही में प्राप्त AACSB मान्यता के साथ बिमटेक विश्वस्तरीय B-स्कूलों की अग्रिम पंक्ति में सम्मिलित हो गया है। 9000 से अधिक पूर्व छात्रों के सशक्त वैश्विक नेटवर्क के साथ यह संस्थान प्रबंधन शिक्षा में उत्कृष्टता का प्रतीक बन चुका है।

स्वागत भाषण देते हुए गवर्निंग बोर्ड की अध्यक्षा श्रीमती जयश्री मोहता ने कहा, 'दीक्षांत समारोह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह मजबूत संकल्प, सीखने और आत्म-परिवर्तन का उत्सव है। वर्षों से हमारी समृद्ध परंपरा ने अकादमिक और औद्योगिक जगत के बीच सहयोग को प्रोत्साहित किया है, जिससे हमारे विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान मिला है, बल्कि वास्तविक दुनिया की समझ, नैतिक दृष्टिकोण और वैश्विक दृष्टि भी प्राप्त हुई है। मैं आप सभी भविष्य के नेताओं से आह्वान करती हूँ कि आप जहां भी जाएं, ईमानदारी, समावेशिता और प्रभाव के मूल्यों को साथ लेकर चलें।" बिमटेक की निदेशक डॉ. प्रवीणा राजीव ने अपने संबोधन में कहा, 'इस संस्थान में आपका यह सफर आपको उन भू-राजनीतिक और तकनीकी परिवर्तनों को समझने और संभालने के लिए तैयार कर चुका है, जो आज की दुनिया को अभूतपूर्व रूप से बदल रहे हैं। जैसे ही आप इस संस्था के द्वार पार करते हैं, अपने साथ ईमानदारी, सतत नवाचार और समावेशिता के मूल्य लेकर जाएं। आपकी आगे की यात्रा उद्देश्य, जुनून और समाज के लिए मूल्य निर्माण की प्रतिबद्धता से भरी हो — यही हमारी शुभकामना है। आप सभी को बधाई, भविष्य आपकी प्रतिभा का इंतजार कर रहा है।'

छात्रों को प्रेरित करते हुए श्री नंद गोपाल खैतान, वरिष्ठ साझेदार (विवाद निवारण, रियल एस्टेट), खैतान एंड कंपनी, ने कहा, 'मुझे लगता है कि आप सभी 'स्वर्णिम भारत' में जन्मे हैं। काम की कोई सीमा नहीं है, काम का कोई समय नहीं है। आपको पूरी मेहनत और लगन से कार्य करना होगा। मैं चाहूंगा कि आप सभी कठिन परिश्रम करें, लेकिन साथ ही विश्वसनीय बनें — तभी आप सच्ची सफलता प्राप्त कर पाएंगे। कभी अगर आपके कंधे पर एक मक्खी आकर बैठ जाए, तो आप तुरंत उसे हटा देते हैं। लेकिन आपको खुद को मक्खी से तितली में बदलने की दिशा में कार्य करना चाहिए। जब एक तितली किसी पर बैठती है, तो लोग उसे निहारते हैं और उसे अपने पास रखना चाहते हैं। इसलिए, ऐसा व्यक्तित्व बनाएं जिसकी सब सराहना करें और जिसकी उपस्थिति को लोग महत्व दें। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने माता-पिता, मार्गदर्शकों, मित्रों और शिक्षकों का साथ कभी न छोड़ें।'

# पाक पर एयर स्ट्राइक... खुशी में बांटी मिठाई...





आतंकी संगठनों के ठिकानों पर सेना की एयर स्ट्राइक की खुशी में 56 दुकानों पर मिठाई बांटी गई। पूर्व सैनिकों और एनसीसी कैडेट्स द्वारा शाम को होने वाले मॉक डील और ब्लैक आउट में जनता को कैसे रहना है किन-किन बातों का ध्यान रखना है, इसकी भी समझाइश दी।

## शॉट न्यूज

### ट्रॉले की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**इंदौर।** किशनगंज इलाके में तेज रफ्तार ट्रॉले के चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसा कल रात 9 बजे टी.ही फाटा ग्राम भैंसलाय में हुआ। मृतक का नाम रमेश चौरसिया पिता हंसराज चौरसिया (53) निवासी कुशवाह नगर है। पुलिस ने फरियादी ओमप्रकाश पिता रमेश कुमार जोशी निवासी चिनार पार्क कॉलोनी की रिपोर्ट पर ट्राला क्रमांक जीजे 01 एचटी 7554 के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ट्राला चालक ने अपने ट्राले को तेजगति और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए रमेश चौरसिया की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह रोड पर वाहन सहित फिंका गया। गंभीर चोटें आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### पिकअप ने मारी टक्कर एक की मौत, दूसरा घायल

**इंदौर।** देपालपुर इलाके में शादी समारोह से बाइक से अपने घर जा रहे दो युवकों को पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें एक की मौके पर मौत हो गई है जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। हादसा देपालपुर के फरकोदा इलाके में हुआ है।जहां अनिल पिता राधेश्याम (50) मोहित पिता सोहन (26) अकोलिया गांव में शादी समारोह में गए थे। रात्रि में अपने गांव उजालिया आ रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार एमपी 13 Z.N.- 1297 पिकअप ने मोबाइक में टक्कर मार दी। जिसमें अनिल की मौके पर मौत हो गई। गांववालों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पायलट बबलू राठौर डॉ कमल दांगी ने घायल का प्रथम उपचार कर तुरंत सरकारी अस्पताल लाए। जहां डॉक्टरों ने उसे इंदौर रेफर किया है।

### बिना पूछे बस का टिकिट काटा विरोध करने पर जमकर पीटा

**इंदौर।** भंवरकुआं इलाके में तीन इमली बस स्टैंड पर ट्रेवल्र्स एजेंट ने यात्री के साथ गुंडागर्दी करते हुए मारपीट कर दी। यात्री ने उससे पन्ना जाने वाली बस के बारे में पूछा तो उसने बिना पूछे ही टिकिट काट दिया था। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना फरियादी सोनू पिता रामसिंह धाकड (23) निवासी ग्राम बरसत, जामनेर जिला गुना के साथ गत दिवस तीन इमली बस स्टैंड पर सांईराम ट्रेवल्र्स के टिकट काउन्टर पर हुई। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर आरोपी राजेश पिता मनोहरीलाल निवासी पत्थर मुंडला और एक साथी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं इंदौर से पन्ना जाने के लिए तीन इमली बस स्टैंड पर पन्ना वाली बस का पता करने लिए के सांईराम ट्रेवल्र्स के टिकट काउंटर पहुंचा था। वहां बैठे एजेंट राजेश से पन्ना के लिए जाने वाली अम्बे ट्रेवल्र्स की बस के बारे में पूछा तो आरोपी राजेश ने मुझसे बिना पूछे ही अपनी सांईराम ट्रेवल्र्स का टिकिट काट दिया । मैंने उससे कहा कि मुझे तुम्हारी बस से नहीं जाना है, मुझे अम्बे ट्रेवल्र्स से जाना है। इसी बात को लेकर वह मुझे गालियां देने लगा। जब मैंने उसे गालियां देने से मना किया तो राजेश और एक साथी ने मुझे हाथ-मुक्को से पीट दिया।

### नगर निगम की जनसुनवाई में मिले 44 आवेदन, जांच के बाद तुरंत कार्रवाई के निगम कमिश्नर ने दिए निर्देश

# निगमायुक्त को बताई बिल्डिंग परमिशन, मार्केट की समस्याएं

संवाददाता ● इंदौर



निगमायुक्त शिवम वर्मा द्वारा आज निगम मुख्यालय में जनसुनवाई की गई। इस अवसर पर निगम के समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, अधीक्षण यंत्री एवं विभाग प्रमुख उपस्थित थे। इस अवसर पर जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को तत्काल निराकरण करने के भी निर्देश दिए गए। आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा निगम मुख्यालय स्थित कक्ष में जनसुनवाई की गई, जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा राजस्व, मार्केट, भवन अनुज्ञा, स्वास्थ्य विभाग, रिमूव्हल विभाग, सीवरेज विभाग, जनकार्य विभाग सहित अन्य विभागो के 44 आवेदन आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए गए। आयुक्त द्वारा नागरिकों को समक्ष में सुना गया और प्राप्त आवेदन को आयुक्त कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त व विभाग प्रमुख को तत्काल प्रेषित कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

**आवेदन**

## सड़कों के किनारे बेतरतीब खड़ी 30 बसें जब्त, जुर्माना भी वसूला



इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में यातायात सुधार के लिए मुहिम लगातार जारी है। इस मुहिम के तहत आज बड़ी कार्रवाई करते हुए सड़कों पर बेतरतीब खड़ी 30 बसें जब्त की गई। ज्ञात रहे है कि कलेक्टर आशीष सिंह ने कल कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न बैठक में बस संचालकों को हिदायत दी थी कि वे सड़कों पर अव्यवस्थित रुप से बसें खड़ी कर यातायात अवरुद्ध नहीं करें, बसों को अधिकृत स्थानों पर खड़ा किया जाए। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि आज जिला प्रशासन, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। सड़कों पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वाली बसों को जब्त किया गया। मधुमिलन चौराहा, झाबुआ टॉवर, पिपलिहाना, रिंग रोड, तीन इमली चौराहा एवं गंगवाल बस स्टैण्ड पर बसों की सघन चेकिंग की गई। कार्रवाई में वाहनों के फ़िटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किए गए। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की गई। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों, बेतरतीब खड़ी रहने वाली बसों पर कार्रवाई करते हुए 30 बसों को जब्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर में रखा गया है। साथ ही ट्रेवल्स/बस संचालकों से अपील की गई है कि वे अपनी बसों को निर्धारित स्थान से ही चलाए अन्यथा बसें जब्त की जाएगी। बेतरतीब, निर्धारित स्थानों से भिन्न स्थानों से संचालित बसो की जप्ती की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### पास की कॉलोनियों के ड्रेनेज का पानी आने का बना रहे बहाना

# सिरपुर तालाब में जलकुंभी नहीं खत्म कर पा रहा नगर निगम



संवाददाता ● इंदौर

पश्चिम क्षेत्र स्थित सिरपुर तालाब जिसे रामसर साइड के नाम से भी जाना जाता है, में एक बार फिर जलकुंभी ने डेरा डाल लिया है। नगर निगम द्वारा करीब 10 वर्षों में यहां लगातार जलकुंभी की सफाई की जा रही है। करीब 10 करोड़ रुपए लोकधन खर्च करने के बाद भी छोटे सिरपुर तालाब से जलकुंभी हटाना तो दूर घटा भी नहीं पाए हैं। बताया जाता है कि नगर निगम सिरपुर तालाब से जलकुंभी हटाने के लिए उन पढ़े-लिखे डिग्रीधारी इंजीनियरों से काम ले रही है जो लाखों रुपए लोकधन से तनख्वाह प्राप्त करते हैं।

**योजना**

निगम अधिकारियों के अनुसार हाल के कई वर्षों से सिरपुर तालाब से जलकुंभी निकालने का काम किया जा रहा है। हालांकि तालाब के आस-पास की लगभग 15 से अधिक कालोनियों का गंदा पानी प्रवेश करता है जिसके कारण सिरपुर तालाब में पानी भी काला हो गया है और यहां पर कई पशु पक्षी भी पानी नहीं पीते हैं। जीव जन्तु भी लगातार मरते जा रहे हैं।इस तालाब को सुधारने के लिए लगातार आंदोलन के बाद एसटीपी प्लांट की योजना बनाई और लगभग 4-5 करोड़ रुपये की लागत से एसटीपी प्लांट को बनाने की योजना तक काम शुरू किया लेकिन आज भी काम बंद है। इसके लिए भी कहा जा रहा है कि तालाब किनारे ऐसे भी प्लान नहीं बना सकते हैं तो क्या नगर निगम के बड़े इंजीनियर जो वर्षों से करोड़ों रुपये तनख्वाह के रूप में अभी तक ले चुके हैं, उनके द्वारा भी योजना को मूर्तरूप नहीं दिया गया है। अब हालत यह है कि लगातार गंदे पानी और जलकुंभी बढ़ती ही जा रही है। आस-पास की कॉलोनियों का ड्रेनेज का पानी इसी छोटे तालाब में आता है।तालाब की सफाई तो छोड़िए, यहां पर जलकुंभी भी नहीं हट पाई है, जबकि करीब 10 करोड से अधिक नगर निगम खर्च कर चुका है। इसके लिए तमाम प्रयास भी विफल होते जा रहे हैं। इसके बाद भी निगम अधिकारियों का कहना है कि सिरपुर तालाब से जलकुंभी हटाने की योजना पर लगातार कार्य किया जा रहा है।

### कई आधुनिक मशीन कर चुके इस्तेमाल

निगम अधिकारियों के अनुसार सिरपुर तालाब से जलकुंभी हटाने के लिए न केवल मानव श्रम बल्कि कई आधुनिक मशीन भी इस्तेमाल कर चुके हैं। हालांकि इसके बाद भी सिरपुर तालाब से जलकुंभी खत्म नहीं हो पा रही है। इसके पीछे नगर निगम अधिकारियों की बेमन से की गई कार्रवाई भी मानी जा सकती है।

### गायों के स्वास्थ्य के लिए भी निगम अधिकारी चिंतित

# 10 लाख की दवाइयां और वेटरनरी उपकरण खरीदेंगे

संवाददाता ● इंदौर

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद नगर निगम अब गायों के स्वास्थ्य के प्रति भी चिंताजनक हो गया है। अब नगर निगम गायों के उपचार के लिए करीब 100 तरह की दवाइयां और उपकरणों की खरीदी के लिए एजेंसी तय करने वाला है। यह कार्य हातोद की रेशम केंद्र गौशाला में किया जाएगा। नगर निगम ने इसके लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि करीब 10 लाख रुपए की धनराशि का यह टेंडर जारी किया गया है इसमें तय की जाने वाली एजेंसी को पशुओं के लिए करीब 100 प्रकार की दवाइयां और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने होंगे। जानकारी अनुसार पूरे प्रदेश में अब गाय पालने के लिए भी सरकार नया कानून ला रही है जिसमें नागरिकों को स्थान उपलब्ध होने के चलते एक गाय पालने की अनुमति दी जा सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हर जिले में गौशाला को लेकर अनुदान देने के साथ अन्य मदद की बात भी कही है।इंदौर शहर व ग्रामीण क्षेत्र में अब तेजी से नई गौशालाएं बन रही हैं वहीं गौपालक भी गोवंश के संरक्षण को लेकर काम कर रहे हैं। नगर निगम द्वारा अब बीमार व दुर्घटना का शिकार गायों के लिए हातोद की रेशम केंद्र गौशाला में ऑपरेशन व इलाज के लिए दवा सहित अन्य सामग्री की खरीदी के लिए प्रति वर्ष के हिसाब से 10 लाख रूपये का टेंडर जारी किया गया है। एजेंसी को बाजार मूल्य से कम कीमत पर वेटनरी दवा खरीद सकती है।गायों के इलाज व ऑपरेशन में करीब 90 तरह की दवा खरीदी जाएगी। प्रभारी अधिकारी आसित खरे ने बताया कि टेंडर जारी किया गया है। इसी माह तकनीकी और वित्तीय अनुमति के लिए टेंडर खोले जाएंगे। एजेंसी तय होने के बाद निगम द्वारा वर्कऑर्डर दिया जाएगा फिर इलाज की सामग्री खरीदी जाएगी।

### कलेक्टर और एसडीएम को शिकायत कर कब्जाधारी पर कार्रवाई की मांग

# ग्रीन बेल्ट की जगह पर पटेल ने कब्जा कर बनाए गोदाम

संवाददाता ● इंदौर



जूनी इंदौर तहसील के लिंबोदी में सरकारी जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। यहां ग्रीन बेल्ट की सरकारी जमीन पर कब्जा कर मकान, गोदाम और अन्य निर्माण कर लिया गया है। सरकारी खसरा नंबर 192 जिसमें 1.181 हेक्टर बेशकीमती जमीन पर कब्जा किया गया है। ग्रीन बेल्ट की जमीन पर कब्जा किए जाने के मामले में कलेक्टर इंदौर और जूनी इंदौर एसडीएम को शिकायत भी की गई है।

**मांग**

शिकायतकर्ता पियूष सांखला पिता गंगाराम सांखला निवासी- श्रीकृष्ण ऐवेन्यू फेस-3 ग्राम लिंबोदी, तहसील जूनी इंदौर ने बताया कि जूनी इंदौर तहसील के लिंबोदी में सरकारी ग्रीन बेल्ट की जमीन पर ईश्वरसिंह पटेल, भगतसिंह पटेल, गौरीशंकर पटेल पिता स्व. श्री लालसिंह पटेल द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर उस पर एक मकान, गोडाउन और कुआं बनवाया जा चुका है। ग्राम लिम्बोदी तहसील जूनी इंदौर, जिला इंदौर पर स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 192, रकबा 1.181 हेक्टर चरागाह की बेशकीमती जमीन पर कब्जा किया गया है। उक्त सर्वे नंबर की सम्पूर्ण जमीन पर उक्त तीनों पटेल भाइयों ने कब्जा कर लिया है, यह जमीन चरनोई की अर्थात चारागाह की है, जिसका इस्तेमाल पशुओं के चारे के लिए किया जाना है। पटेल भाइयों द्वारा इस जमीन पर कब्जा कर लेने से यह जमीन इस मंशा से दूर जा चुकी है।

### करोड़ों रुपए कीमत की है सरकारी जमीन

शिकायतकर्ता द्वारा कलेक्टर और एसडीएम को की गई शिकायत के साथ सरकारी ग्रीन बेल्ट की जमीन पर किए गए कब्जे के फोटो भी लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने कलेक्टर आशीष सिंह और एसडीएम जूनियर से मांग की है कि करोड़ों रुपए की सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए ताकि इस जमीन का वास्तविक इस्तेमाल किया जा सके।

### सरकारी जमीनों पर पटेल भाइयों की रहती है गिद्ध दृष्टि

शिकायतकर्ता ने बताया कि लिंबोदी की जिस ग्रीन बेल्ट की सरकारी जमीन पर पटेल भाइयों ने कब्जा किया है उसकी कीमत करीब 40 करोड़ रुपए से भी अधिक है। तीनों पटेल भाई सरकारी जमीन पर कब्जा करने और उस पर कॉलोनी काटने, मकान बनाने आदि कामों के मास्टरमाइंड माने जाते हैं। इससे पहले भी तीनों पटेल भाई अवैध कॉलोनी काट चुके हैं, जिनके बारे में कई मामले भी सामने आए हैं।

# जातिवाद और आरक्षण का संघर्ष क्यों?

वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट, 2025 के अनुसार विश्व का सबसे खुशहाल देश है- फिनलैंड (लगातार 8वें वर्ष)। उसके बाद हैं- डेनमार्क, आइसलैंड और स्वीडन। ये सभी यूरोप के छोटे क्षेत्रफल और कम जनसंख्या वाले देश हैं। आइए, एक नजर डालते हैं भारतीय परिदृश्य पर। पिछले एक दशक में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि हुई है, मगर वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट के अनुसार, इसकी औसत खुशी कम है। विशाल क्षेत्रफल और उफनती जनसंख्या वाला हमारा देश भारत खुशी की वैश्विक रैंकिंग में 118 (वर्ष 2025), 126 (वर्ष 2024) और 136 (वर्ष 2022) स्थान पर है। खुशी की वैश्विक रैंकिंग में 118 वां स्थान पाना एक राष्ट्र- जिसने दुनिया को अध्यात्म, संतोष, शांति और प्रेम का पाठ पढ़ाया- के गौरव को आहत करता है। देश की आर्थिक समृद्धि और स्वास्थ्य-सेवा के बुनियादी ढांचे में जबरदस्त प्रगति हुई है। अब हमें सामाजिक समन्वय, स्वतंत्रता, आपसी विश्वास और उदारता पर ध्यान देने की जरूरत है। लेकिन अपना लक्ष्य निर्धारित करने से पहले खुशी की रैंकिंग पर हमारे निम्न स्थान का कारण समझना चाहिए।

हमारे देश में खुशी का सूचकांक (हैप्पीनेस इंडेक्स) कम होने के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक तनावों में से एक या कई कारण हो सकते हैं जैसे- तेजी से होनेवाला शहरीकरण, प्रदूषण और आवागमन की समस्याएं, कठोर पितृसत्तात्मक समाज, दम घुटने वाली जाति-व्यवस्था, जातिगत आरक्षण और उसके विरुद्ध प्रतिक्रिया, विभिन्न धर्मों के बीच घर्षण, कला-साहित्य-मनोरंजन के नाम पर महिलाओं का व्यवसायीकरण, गरीबी से प्रेरित सामाजिक-आर्थिक अपराध, भ्रष्टाचार, संपत्ति-संघर्ष और मुकदमेबाजी, जटिल भाषा में कानून और निर्णय में देर, राजनीति का अपराधीकरण, धर्म का राजनीतिकरण, समानांतर अर्थव्यवस्था और कालाबाजारी। इनमें से प्रत्येक कारण सामाजिक जीवन में जबरदस्त तनाव लाता है। यदि एक से अधिक कारण हों तब तनाव और भी बढ़ सकता है।हमारे देश में खुशी का सूचकांक कम होने के एक मुख्य सामाजिक कारण पर चर्चा यहाँ उचित होगी। अनेक जाति और वर्ग भेदों के कारण हमारी सामाजिक व्यवस्था टूट रही है। प्राचीन भारतीय समाज में वर्ण-व्यवस्था थी जो व्यक्ति के व्यवसाय से तय होती थी और जिस में केवल चार वर्ण थे इस में लचीलापन और गतिशीलता थी। एक व्यवसाय से दूसरे व्यवसाय में जाने से व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि या कमी हो सकती थी। वर्ण-व्यवस्था में जबतक आप शिक्षा, लेखन, विद्या-अर्जन, आध्यात्म-पूजा जैसे कार्य करते थे, आपका वर्ण ब्राह्मण था जो समाज में सबसे अधिक सम्मान का था। जब राज-काज, युद्ध, प्रशासन और शान्ति-व्यवस्था में लगे तो आपका वर्ण क्षत्रिय होता था जो समाज में ब्राह्मण से कम सम्मान का था। इसी प्रकार जब आप व्यापार-वाणिज्य, साहूकारी में लगे तो वैश्य वर्ण कहलाते थे जो समाज में ब्राह्मण और क्षत्रिय से कम सम्मान का था। जब आप खेती-मजदूरी, साफ-सफाई या पहले तीन वर्णों की सेवा का कार्य करते थे तो आप शूद्र वर्ण कहलाते थे जो समाज में ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य से कम सम्मान का था। इस क्रम में आपको समाज में कम-ज्यादा आदर और सम्मान मिलता था। इस तरह एक बुद्धिजीवी अपना व्यवसाय बदलने से शूरवीर, व्यापारी और सेवक भी बन सकता था और उसका वर्ण भी बदल सकता था। यह एक पायदान से दूसरे पायदान पर आने-जाने की सुविधाजनक व्यवस्था थी। यह वर्ग-भेद था जो गतिशील था, बदल सकता था। जिन लोगों ने कुछ पीढ़ियों तक उच्च सम्मान प्राप्त कर लिया, वे अपनी आनेवाली पीढ़ियों को वहीं स्थापित करने के लिए समाज में ह्यवर्ण-व्यवस्थाह्ण हटाकर ह्यजाति-व्यवस्था ले आए ताकि उनका भविष्य में व्यवसाय बदलने पर भी उनका सम्मान कम न हो। चार वर्ण की जगह तरह-तरह की सैंकड़ों जातियां बन गयीं। जाति-व्यवस्था कठोर और अलचीली थी, यह जन्म से निर्धारित होती थी और कभी नहीं बदलती थी चाहे आप अपना कोई भी व्यवसाय करें। जो वर्ग समाज में उच्च स्थान और सम्मान प्राप्त कर चुका था, उसे जाति-व्यवस्था से लाभ हुआ और उसकी आनेवाली पीढियां ऊंची जाति में स्थापित हो गयीं भले ही वे कोई भी कार्य करें। अब उच्च जाति का व्यक्ति शूद्र वर्ण का कार्य करने पर भी उच्च वर्ण वाला सम्मान ही पाता था। पर निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए यह जाति-व्यवस्था दम घोंटने वाली गले की फांस बन गयी। पिछड़ी जाति का व्यक्ति कितना भी जप-तप और उच्च स्तर का कार्य कर ले, उसे और उसकी सभी पीढ़ियों को शूद्र वर्ण जैसा सबसे कम सम्मान या अपमान मिलता था।

> **जब राज-काज, युद्ध, प्रशासन और शान्ति-व्यवस्था में लगे तो आपका वर्ण क्षत्रिय होता था जो समाज में ब्राह्मण से कम सम्मान का था। इसी प्रकार जब आप व्यापार-वाणिज्य, साहूकारी में लगे तो वैश्य वर्ण कहलाते थे जो समाज में ब्राह्मण और क्षत्रिय से कम सम्मान का था। जब आप खेती-मजदूरी, साफ-सफाई या पहले तीन वर्णों की सेवा का कार्य करते थे तो आप शूद्र वर्ण कहलाते थे जो समाज में ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य से कम सम्मान का था।**

## संत वचन

मसीह में भाइयों और बहनों, जैसा कि हमने एंटिओक के सेंट इग्नाटियस के जीवन और उदाहरणों से सुना है, और जैसा कि हमने पवित्र शास्त्रों के शब्दों को समझा है, इसलिए हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें ताकि हम उन लोगों के पदचिन्हों पर चल सकें जो हमसे पहले चले गए हैं और अपने जीवन और ईश्वर में विश्वास में अनुकरणीय रहे हैं। आइए हम सभी अपने अभिमान और अहंकार, लालच और अन्य प्रकार की इच्छाओं को त्याग दें जो हमें हमारे पतन की ओर ले जा सकती हैं। आइए हम सभी अब से अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में ईश्वर की इच्छा को और अधिक ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास करें, और आइए हम अपने स्वयं के अनुकरणीय जीवन से एक-दूसरे को प्रेरित करना जारी रखें ताकि हम सभी को प्रभु के और करीब ला सकें। आज के हमारे प्रथम वाचन में, जो प्रेरित पौलुस द्वारा कलीसिया और इफिसुस नगर और क्षेत्र के ईश्वर के वफादार लोगों को लिखे गए पत्र से लिया गया है,

# ज़िंदगी को समझने के लिए अपनी भावनाओं को समझो

हम अपने जीवन में क्या चाहते हैं? ज्यादातर लोग इस प्रश्न का उत्तर पैसे, संबंध, सफलता या सम्मान के रूप में देते हैं। पर अगर थोड़ी देर शांत होकर, भीतर झाँककर सोचा जाए, तो एक यह उत्तर भी उभरकर आता है झ ह्लमैं हल्का और शांत महसूस करना चाहता हूँ।ह्व मनुष्य की सबसे गहरी इच्छा है झ भीतर की स्थिरता और स्पष्टता। पर विडंबना यह है कि अधिकतर लोग अपने जीवन में भावनात्मक रूप से इतने उलझे हुए होते हैं कि उन्हें यह भी स्पष्ट नहीं होता कि वे क्या महसूस कर रहे हैं झ और क्यों। क्या आप जानते हैं कि आप वास्तव में क्या महसूस कर रहे हैं? बहुत बार हम कह देते हैं झ मुझे अच्छा नहीं लग रहा, मेरा मन उदास है, कुछ समझ नहीं आ रहा। पर यदि पूछा जाए झ क्यों? तो उत्तर अस्पष्ट होता है। क्यों? क्योंकि हमारे भीतर भावनाओं की एक गहरी परत होती है, जिसे हम देखने, पहचानने और समझने का अभ्यास ही नहीं करते। हम गुस्से को गलती से थकान समझ बैठते हैं, या थकान को गलती से अवसाद समझ लेते हैं। हम उदासी को अपराधबोध समझ बैठते हैं, और कभी-कभी अपराधबोध को ह्यप्यारह्ण मान बैठते हैं। यही भ्रम मानसिक पीड़ा का कारण बनते हैं। जब मन में स्पष्टता नहीं होती, तो झ हम गलत निर्णय लेते हैं, गलत संबंधों में टिके रहते हैं। अपने दुख का असली कारण पहचान नहीं पाते। भीतर से टूटते जाते हैं, पर बाहर मुस्कराते रहते हैं और धीरे-धीरे, हमारा व्यक्तित्व एक ऐसा मुखौटा बन जाता है, जो भीतर के सत्य से बिल्कुल अलग होता है।

**एडिट.नोट**

स्पष्टता क्यों इतनी दुर्लभ हो गई है? बचपन से ही हमें सिखाया गया झ रोना नहीं चाहिए, गुस्सा बुरा है, कमजोर मत बनो। हमारी भावनाओं को दबाया गया या उन्हें जज किया गया। हमने अपने मन को ह्यठीकह्ण दिखने के लिए ट्रेन किया, पर ह्यसचह्ण देखने की कला खो दी। धीरे-धीरे मन में धुंध भरती गई, और हम खुद से दूर होते चले गए।

भावनात्मक स्पष्टता क्या है? यह कोई तकनीकी प्रक्रिया नहीं है। यह है झ अपने भीतर उठती हर भावना को बिना डर, बिना मूल्यांकन, केवल देख पाना। यह समझना कि झ मैं दुखी हूँ, क्योंकि मेरी अपेक्षा टूटी है।मुझे ईर्ष्या हो रही है, क्योंकि किसी और की सफलता ने मुझे मेरी निष्क्रियता का आईना दिखा दिया। मैं चिड़चिड़ा हूँ, क्योंकि मैं भीतर से थका हुआ हूँ और स्वयं को समय नहीं दे रहा। जब आप इस स्तर पर ईमानदारी से अपनी भावनाओं को देख लेते हैं, तो वे अपने आप हल्की और स्पष्ट हो जाती हैं।

अगर आप भावनाओं को लेकर स्पष्टता लाना चाहते हैं, तो आपको कुछ काम करने होंगे। शुरू में आपको लगेगा कि उन कामों के बावजूद आप जैसे थे, वैसे ही बने हुए हैं, लेकिन धैर्य रखिएगा, असर होने में देर लगेगी पर असर होगा जरूर। आपको रोज 10 मिनट मौन में बैठना है। बिना किसी उद्देश्य के बस चुप बैठे रहें। न कुछ सोचना, न कुछ करना। केवल अपने भीतर के तरंगों को अनुभव करना। दूसरा आपको डायरी लिखनी है। रोज खुद से सवाल पूछना है झ आज मैं क्या महसूस कर रहा हूँ? और जो भी उत्तर आए, उसे बिना संपादन, बिना शर्म, कागज पर उतार दीजिए। इसके साथ-साथ अपने भीतर के शब्दों को पकड़ने की कोशिश करें। जब आप कहते हैं झ मुझे अच्छा नहीं लग रहा, तो तुरंत पूछिए झ क्यों? और उत्तर को गहराई से महसूस करने की कोशिश कीजिए। अंत में यह याद रखें कि शांति तब नहीं आती जब सब कुछ ठीक हो जाता है, शांति तब आती है जब हम अपनी भावनाओं को समझ लेते हैं।

**आरती जेरथ - लेखक**

# आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकता की पुकार

आतंकवादी हमले, चाहे वे हिंदू, मुस्लिम, ईसाई या किसी भी समुदाय को निशाना बनाएं, एक क्रूर तरीके से बेगुनाह लोगों की जान लेते हैं, जो जाति, धर्म और सीमाओं से परे होते हैं। हर वह व्यक्ति, जो कानून का पालन करता है और आतंक के इस हिंसक चक्र में अपनी जान गंवाता है, एक गहरी त्रासदी है, चाहे वह किसी भी धर्म का हो। अल-कायदा के नेतृत्व में अमेरिका में हुए 9/11 हमले, हमास के हमले, सीरिया में आईएसआईएस की बर्बरता, बुर्किना फासो में चल रहे आतंक या हाल ही में पहलगाम में हुए नरसंहार–इन आतंकी वारदातों में बहा खून का रंग एक ही है – लाल । यह लाल रंग हमें याद दिलाता है कि हम सब इंसान हैं, और मानवता एक ही डोर से जुड़े हैं। 22 अप्रैल, 2025 को, जब पहलगाम की शांत वादियों में लिद्दर नदी की मधुर धुन गूंज रही थी और पहाड़ अपनी शान में खड़े थे, धूप से भरा एक सुहावना पल अचानक कायर आतंकियों की बंदूकों की आवाज से मौत के मंजर में तब्दील हो गया । इस हमले में 26 बेगुनाह पर्यटकों की जान चली गई। यह केवल पहलगाम के हरे-भरे मैदानों पर हमला नहीं था, बल्कि दुनिया के 8.2 अरब लोगों की अंतरात्मा पर चोट थी। आतंकवाद दुनिया भर के नागरिकों की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा है, जो वैश्विक स्थिरता और समृद्धि को कमजोर करता है। यह एक ऐसी चुनौती है, जो सीमाओं, राष्ट्रीयताओं और धर्मों को नहीं मानती। इसे रोकने के लिए विश्व समुदाय को एकजुट होकर 360-डिग्री रणनीति अपनानी होगी, ताकि लोगों की जान बचाई जा सके और शांति कायम हो।

सीमा पार से होने वाली आतंकी गतिविधियां, जवाबी कार्रवाइयां और तीखी बयानबाजी अक्सर पूर्ण युद्ध का रूप ले लेती हैं। अगर ऐसी स्थिति युद्ध या युद्ध जैसी बन जाए, तो इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ता है, जिससे वैश्विक उत्पादकता बुरी तरह प्रभावित होती है। रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-हमास संघर्ष, सीरिया, इराक और लाल सागर में चल रहे टकराव, और क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ाने वाली प्रॉक्सी वॉर ने पहले ही वैश्विक मंच को अस्थिर कर दिया है। ये संघर्ष शांति और आर्थिक प्रगति के लिए खतरा हैं। अगर पहलगाम हमला भारत और पाकिस्तान के बीच पूर्ण युद्ध में बदल जाए, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होगा। युद्ध उद्योगों में उत्पादन को ठप कर देता है, बुनियादी ढांचे को नष्ट करता है, सप्लाई चेन को तोड़ता है और संसाधनों को सैन्य कार्यों में झोंक देता है। इससे वैश्विक जीडीपी की वृद्धि कम होती है, महंगाई बढ़ती है और खासकर विकासशील देशों में खाद्य असुरक्षा गहराती है। समय के साथ, ऐसे युद्ध वैश्वीकरण को कमजोर करते हैं, शांति के फायदों को खत्म करते हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था को नए सिरे से बदलने के लिए मजबूर करते हैं।एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में, भारत को पहलगाम में बेगुनाह पर्यटकों की निर्मम हत्या का कड़ा जवाब देने का पूरा अधिकार है, और माकूल जवाब देना ही चाहिए ताकि इस तरह का कुकृत्य करने का हिमाकत पाकिस्तान फिर से ना करे। यह हमला पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने कश्मीर घाटी में अस्थिरता फैलाने और कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय ध्यान में लाने के लिए किया, ताकि पाकिस्तान के आंतरिक सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक संकट से ध्यान हटाया जा सके। भारत की मजबूत सैन्य शक्ति सीमा पार से संचालित होने वाले आतंकी नेटवर्क को खत्म करने में सक्षम है। इतिहास गवाह है कि जब भी भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ, भारत ने हमेशा जीत हासिल की है।सोचिए, अगर विश्व युद्ध न हुए होते, या वियतनाम युद्ध से लेकर अफगानिस्तान युद्ध, मध्य पूर्व के संकट और खाड़ी युद्ध तक की त्रासदियां दुनिया ने न देखी होतीं, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था का नक्शा कुछ और ही होता। गरीबी का साया दुनिया से काफी हद तक कम हो सकता था। आतंक और जवाबी आतंक, युद्ध और जवाबी युद्ध का यह दुष्चक्र इंसानियत को विनाश की ओर ले जाता है, जो वन अर्थ, वन यूनिटी और वन प्लैनेट, वन होप जैसे आदर्शों को कुचल देता है। ये आदर्श एक ऐसी दुनिया की कल्पना करते हैं, जहां शांति और समृद्धि साथ-साथ चलें, और एक उज्जवल, समान भविष्य बने। इस दुष्चक्र को तोड़ना जरूरी है, ताकि वैश्विक समुदाय में सद्भाव और प्रगति का रास्ता खुल सके। आतंकवाद की मशीनरी को ध्वस्त करने के लिए वैश्विक स्तर पर एकजुट प्रयास जरूरी हैं। उन देशों को कमजोर करना होगा, जो आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं या उसका समर्थन करते हैं। अगर कोई देश अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सहायता को आतंकी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल करता है।

## बिजनेस

# पाकिस्तान पर हमले के बाद बिटकॉइन ने मचाई धूम, एक ही दिन में रॉकेट हो गई क्रिप्टोकरेंसी की कीमत

**नई दिल्ली:** भारतीय सेना ने बुधवार सुबह 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर हमले किए। इसके बाद बिटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी में तेज उछाल आ गया। बुधवार दोपहर 2 बजे तक बिटकॉइन की कीमत में पिछले 24 घंटे में 3 फीसदी से ज्यादा का उछाल आ चुका है। उङ्मल्लटं१ीङ्उंस्र के अनुसार दोपहर 2 बजे इसकी कीमत 3.07 फीसदी की तेजी के साथ 96,960.95 डॉलर पर ट्रेड कर रही थी। दिन के कारोबार के दौरान एक समय इसकी कीमत 97 हजार डॉलर को पार कर गई थी।



भारतीय समयानुसार सुबह करीब 6:30 बजे बिटकॉइन की कीमत 97 हजार डॉलर को पार कर गई थी। फिर भारत के पाकिस्तान पर हमले की खबर फैली और इसमें गिरावट आ गई। लेकिन जब इस हमले को लेकर दुनिया ने भारत की तारीफ की तो बिटकॉइन में शानदार तेजी आई और फिर से करीब 97 हजार डॉलर के पास पहुंच गई। इसके बाद इसमें तेजी बनी रही।एक दिन पहले यानी मंगलवार को बिटकॉइन की कीमत 97 हजार के पार चली गई थी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान दोनों से बात की थी। इस खबर का बाजार पर बड़ा असर पड़ा। भारत, अमेरिका का एक बड़ा व्यापारिक भागीदार है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'यह बहुत शर्मनाक है, हमें अभी इसके बारे में पता चला। मुझे लगता है कि लोगों को अतीत के आधार पर कुछ होने वाला था। वे लंबे समय से लड़ रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाएगा।'बिटकॉइन में पिछले एक हफ्ते में काफी उतार चढ़ाव रहा है। यही कारण है कि इसने निवेशकों को बहुत ज्यादा रिटर्न नहीं दिया है। इसका एक हफ्ते का रिटर्न दो फीसदी से थोड़ा ही ज्यादा है। वहीं बात अगर एक महीने की करें तो रिटर्न अच्छा रहा है। एक महीने में बिटकॉइन निवेशकों को 25 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे चुकी है। ऐसे में इस क्रिप्टो में निवेशकों का भरोसा फिर से बढ़ रहा है।

### आगे कीमत बढ़ेगी या गिरेगी?

आने वाले समय में बिटकॉइन की कीमत में उतार-चढ़ाव रह सकता है। अगर ट्रंप के तनाव कम करने के प्रयास जारी रहते हैं और भारत-पाकिस्तान के बीच संकट आगे और नहीं बढ़ता है तो इसकी कीमत में तेजी आ सकती है। जानकारों का मानना है कि ऐसी स्थिति में बिटकॉइन की कीमत 100,000 डॉलर तक पहुंच सकती है।

**राज-काज**

## वित्त-मंत्री ने एशियन बैंक से पाकिस्तान की मदद रोकने कहा

**नई दिल्ली।** 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय फंडिंग कम करवाने की रणनीति बना रहा है। इसके लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियन डेवलपमेंट बैंक के प्रमुख से मुलाकात की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक निर्मला सीतारमण ने अउइ के डायरेक्टर मसाटो कांडा से मुलाकात कर पाकिस्तान को मिलने वाली आर्थिक मदद घटाने की मांग की है। इसके साथ ही निर्मला ने इटली के वित्त मंत्री से मुलाकात जियानकार्लो जियोजेर्टी से मिलकर पाकिस्तान के फंड रोकने की बात की है। पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में भेजने की रणनीति बना रहा भारत पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की ग्रे लिस्ट में भेजने के लिए भारत यूरोपीय देशों के साथ मुलाकात कर रहा है। भारत का आरोप है कि पाकिस्तान को मिलने वाला पैसा आतंकवाद में इस्तेमाल हो रहा है।

# पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के बीच चढ़ गया पेटीएम का शेयर

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बडी डिजिटल पेमेंट कंपनी पेटीएम के शेयरों में आज भारी तेजी दिख रही है। बाजार में उतारचढ़ावा के बीच पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के शेयरों में 9% से अधिक तेजी आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर कारोबार के दौरान 9 फीसदी से अधिक तेजी के साथ 892.60 रुपये पर पहुंचा। कंपनी ने मार्च 2025 में खत्म तिमाही के नतीजे मंगलवार को जारी किए। चौथी तिमाही में कंपनी का घाटा कम हुआ है। हालांकि कुछ विशेष खर्चों का असर कंपनी के मुनाफे पर पड़ा है।

वन97 कम्युनिकेशंस ने बताया कि द4ऋ25 में उसे 540 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। पिछले साल इसी तिमाही में ये घाटा 550 करोड़ रुपये था। इस हिसाब से घाटा थोड़ा कम हुआ है। लेकिन अगर पिछली तिमाही (द3ऋ25) से तुलना करें तो घाटा बढ़ा है। पिछली तिमाही में कंपनी को 208 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। इस तिमाही के नतीजों में 522 करोड़ रुपये के विशेष खर्चे शामिल हैं। इसमें 492 करोड़ रुपये कर्मचारियों को दिए गए एरडढ के हैं। इसके अलावा 30 करोड़ रुपये अन्य नुकसान के हैं। अगर इन खर्चों को हटा दें तो कंपनी का घाटा सिर्फ 23 करोड़ रुपये होता है। इसका मतलब है कि कंपनी मुनाफे के करीब पहुंच गई है।मार्च तिमाही में कंपनी की कमाई 1,912 करोड़ रुपये रही जो पिछले साल के मुकाबले 16% कम है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी ने 2,267 करोड़ रुपये कमाए थे। लेकिन अगर पिछली तिमाही (द3ऋ25) से तुलना करें तो कमाई लगभग 5% बढ़ी है। पिछली तिमाही में कंपनी ने 1,828 करोड़ रुपये कमाए थे। कंपनी की ऑपरेटिंग रेवेन्यू 1,911 करोड़ रुपये रही, जो पिछली तिमाही से 5% ज्यादा है।

मंगलवार को बीएसई पर वन97 कम्युनिकेशंस का शेयर 5.9% गिरकर 815.30 रुपये पर बंद हुआ था। कंपनी के नतीजे बाजार बंद होने के बाद जारी किए गए थे। पेटीएम के शेयर का इश्यू प्राइस 2150 रुपये था लेकिन यह कभी भी इसके आसपास नहीं पहुंच पाया। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 1,063 रुपये और न्यूनतम स्तर 310 रुपये है।

घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में 28,228.45 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी की।हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार, 5 मई को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 295 अंक ऊपर 80,797 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 114 अंक की तेजी रही, ये 24,461 के स्तर पर बंद हुआ।

# पाकिस्तान पर हमला होते ही रॉकेट बन गए डिफेंस स्टॉक, एक ने लगा दी लंबी छलांग

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने बुधवार को पाकिस्तान में छिपे आतंकियों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत कार्रवाई की। इसके बाद बुधवार को डिफेंस कंपनियों के शेयरों में तेजी आई। जिन जगहों से भारत पर आतंकी हमले हो रहे थे, भारतीय सेना ने उन जगहों पर कार्रवाई की। ये जगहें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में थीं। इस खबर के बाद बुधवार को कई डिफेंस कंपनियों के शेयर बढ़ गए। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के शेयर 4% तक बढ़ गए। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (ऌअछ) के शेयर करीब 2% बढ़कर 4,589 रुपये पर पहुंच गए। इनके अलावा कोचीन शिपयार्ड, भारत डायनामिक्स, डाटा पैटर्न, अस्त्र माइक्रोवेव, पारस डिफेंस आदि के शेयर में भी तेजी आई।मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के शेयर बुधवार को तेजी के साथ खुले और कुछ ही देर में 4.68 फीसदी की तेजी के साथ 3107.55 रुपये पर पहुंच गए।

इसी प्रकार पारस डिफेंस का शेयर भी करीब 5 फीसदी चढ़ गया। यह मंगलवार को 1352.65 रुपये पर बंद हुआ था। बुधवार को यह करीब 5 फीसदी की तेजी के साथ 1419.85 रुपये पर पहुंच गया था। कोचीन शिपयार्ड के शेयर में 3.70 फीसदी की तेजी आ गई थी। वहीं अस्त्र माइक्रोवेव के शेयर में 2.63 फीसदी तक की तेजी आई।डिफेंस स्टॉक्स बुधवार को शुरूआती बढ़त के बाद कुछ फिसल भी गए। कई स्टॉक जो बाजार खुलने पर हरे निशान पर कारोबार कर रहे थे, सुबह 10:15 बजे इनमें कई शेयर लाल निशान पर आ गए थे। इनमें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स का शेयर भी शामिल है।

### 9 ठिकानों पर हमले

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि भारत ने पाकिस्तान और ढङ्ग में 9 आतंकी ठिकानों पर निशाना साधा। ये हमले खास हथियारों से किए गए। ये ठिकाने बहावलपुर, मुरीदके और सियालकोट में थे। इस ऑपरेशन में सेना, नौसेना और वायुसेना ने मिलकर काम किया। इसके लिए सैनिकों और हथियारों को तैयार रखा गया था।



विश्व हिंदू रक्षा परिषद के सदस्यों ने लखनऊ में 1090 चौराहे पर पहलगाम आतंकवादी हमले के प्रतिशोध में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए मिसाइल हमलों की सराहना की।

### पहले की विकृतियों को दूर करने और वक्फ सम्पत्तियों को सुरक्षित रखने के लिए

# राज्य वक्फ बोर्ड का भोपाल में बनेगा नया भवन

**संवाददाता ● भोपाल**




**घोषणा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य के वक्फ बोर्ड का नया भवन भोपाल में बनेगा। भवन का नाम पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नाम पर होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह घोषणा समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित वक्फ सुधार जनजागरण अभियान कार्यक्रम में की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वक्फ दान की सम्पत्ति है। दान की सम्पत्ति का उपयोग समाज हित में होना चाहिए। नये वक्फ कानून में यही संशोधन किया गया है। कानून पहले की विकृतियों को दूर करता है। वक्फ कानून के माध्यम से वक्फ सम्पत्तियों को सुरक्षित रखना सुनिश्चित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की विश्व भर में सराहना हो रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का अरब देशों जैसे कतर, सऊदी अरब, ईराक, ईरान आदि देशों में सम्मान भारत का सम्मान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाहरी दुश्मन द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में देश के सभी दल और नेता एकजुट हो गए हैं। यह हिन्दुस्तान की खूबसूरती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जाने-अनजाने में 1947 में देश विभाजन में भारत छोड़कर पाकिस्तान गए लोगों को वहां मुहाजिर कहते हैं और उनके हालात खराब हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को चतुर, स्वार्थी, चालाक लोगों से सावधान रहना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस संदर्भ में सांप-नेवले की लड़ाई दिखाने के बहाने दंत-मंजन बेचने वाले मदारी की कहानी भी सुनाई।

## मध्यप्रदेश का वक्फ बोर्ड है आदर्श बोर्ड

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड देश का आदर्श वक्फ बोर्ड है। उन्होंने इसके लिए अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, बोर्ड के चेयरमेन श्री सनवर पटेल और विभागीय अधिकारियों की सराहना भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभाग के अधिकारियों को समाज के हित में योजनाओं को बनाने के लिए कहा। योजनाओं में 60 प्रतिशत केंद्र का अंश मिलता है और 40 प्रतिशत का योगदान राज्य करता है। उन्होंने कहा कि राज्य का 40 प्रतिशत योगदान हम देंगे, अधिकारी योजनाएं तैयार करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वक्फ बोर्ड के कर्मचारियों के वेतन भत्ता के भुगतान में आ रही कठिनाई का निराकरण करने के लिए भी आश्वस्त किया।
- पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य नवीन संशोधन अधिनियम के तहत प्रावधानित राष्ट्रीय पोर्टल पर समस्त वक्फ सम्पत्तियों को पंजीकृत करने में सहयोग दे रहा है। इस प्रकार की पहल करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। राज्य सरकार के वक्फ बोर्ड और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के उत्कृष्ट कार्यों का अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार को परामर्श देने वाली संस्था आई.आई.टी. दिल्ली के दल ने भी सराहना की है। वर्तमान में राज्य वक्फ बोर्ड में संधारित मूल अभिलेखों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि वक्फ संपत्तियों के भूमि विवरण दर्ज करने और जी.पी.एस सर्वे का कार्य राजस्व विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। वक्फ सम्पत्तियों के समुचित प्रबंधन के लिए वित्त प्रवाह, मानव संसाधन और न्यायालयीन प्रकरण ट्रेकिंग प्रणाली आदि का विकास किया जा रहा है।
- श्रीमती गौर ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक से वक्फ की सम्पत्तियों में वर्षों से चली आ रही विसंगतियों को दूर कर उनका समाज हित में उपयोग किया जा सकेगा। इस कार्य में मध्यप्रदेश आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करेगा। मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमेन श्री सनवर पटेल ने वक्फ बोर्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने वक्फ संशोधन के विभिन्न प्रावधानों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर ओलम्पियन हॉकी खिलाड़ी श्री समीर दाद, प्रबुद्धवर्ग के व्यक्ति, उलेमा आदि उपस्थित थे।

## शॉट न्यूज

### फर्जी डीआरएम फर्स्ट क्लास में पकड़ाया

**भोपाल**। पंजाब मेल में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया जब एक व्यक्ति ने खुद को मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) बताकर प्रथम श्रेणी वातानुकूलित कोच में यात्रा कर रहा था कि तभी सतर्क टिकट चेकिंग स्टाफ और रेलवे सुरक्षा बल की तत्परता से यह फर्जीवाड़ा पकड़ा गया। गाड़ी संख्या 12138 पंजाब मेल के फर्स्ट AC कोच में यात्रा कर रहे एक व्यक्ति से जब टिकट चेकिंग स्टाफ ने टिकट के बारे में पूछा तो उस व्यक्ति ने अपने आपको को डीआरएम बताया, हालांकि टिकट चेकिंग स्टाफ ने जब परिचय पत्र मांगा तो व्यक्ति डीआरएम का परिचय पत्र न दे सका। पंजाब मेल ट्रेन में तैनात टिकट निरीक्षक अमरजीत सिंह ने जब कोच H/A-1 के कूपे बी में यात्रा कर रहे व्यक्ति से परिचय पूछा और कार्रवाई की लेकिन उसके पास पहचान पत्र या कोई अन्य अधिकृत कागजात नहीं मिले।

### अमोनिया गैस से भरा टैंकर स्कूल बस से टकराया

**ग्वालियर**। ग्वालियर में बिरला नगर आरओबी के पास स्थित आईटीआई कॉलेज के बाहर अमोनिया गैस से भरा टैंकर स्कूल बस से टकराया और गैस का रिसाव शुरू हो गया। सेना, बीएसएफ, पुलिस, होमगार्ड और स्वास्थ्य विभाग के दल ने तत्परता से गैस का रिसाव रोका और घायलों का इलाज शुरू किया। इसमें बमुश्किल 40 मिनट लगे। ये मॉक ड्रिल का हिस्सा था। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिए हैं। ग्वालियर में रसायनिक-औद्योगिक दुर्घटना और सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल की गई। जिसमें अमोनिया गैस से भरे टैंकर के स्कूल बस से टकराते ही सेना, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम बचाव कार्य में जुट गई। तुरंत ग्रीन कॉरीडोर बनाया गया। बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। जहां स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इलाज शुरू किया।

### हादसे में हुई थी भाई की मौत, बहन पर एफआईआर

**ग्वालियर**। ग्वालियर में एक सड़क हादसे में 16 वर्षीय भाई की मौत के बाद पुलिस ने जांच कर मृतक की बहन के खिलाफ FIR दर्ज की है। भाई अपनी बहन के साथ स्कूटी पर पीछे बैठा था। उसने लापरवाही से गाड़ी चलाते ही बहन ने बिजली के पोल में टक्कर मार दी थी। जिसमें पीछे सीट पर बैठा भाई घायल हो गया था और अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया था। घटना इंदरगंज में 3 दिसंबर 2024 की है। पुलिस ने जांच के बाद अब मामला दर्ज किया है। इंदरगंज थाना क्षेत्र स्थित गिव एंड टेक शॉप के सामने 3 दिसंबर 2024 को स्कूटी सवार युवती ने बिजली के पोल में टक्कर मारी थी। हादसे में युवती के साथ ही उसके साथ सवार 16 वर्षीय उसका भाई देवेश जाटव निवासी राधा कृष्ण कॉलोनी ढोली बुआ का पुल भी घायल हुआ था।

### पुलिस की हिरासत में सात आरोपी

# हिंदू लड़कियों के अश्लील फोटो और वीडियो किए वायरल

**संवाददाता ● उज्जैन**

**जांच**

मध्य प्रदेश के उज्जैन के बिछड़ोद गांव में एक स्थानीय लड़की का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में तनाव फैल गया। इस मामले में मंगलवार को पुलिस ने सात युवकों को हिरासत में लिया है। यह घटना उज्जैन मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित गांव से सामने आई है। हिंदू संगठनों ने दावा किया कि आरोपियों ने अपनी धार्मिक पहचान छिपाकर लड़की से दोस्ती की और बाद में उसे ब्लैकमेल किया। हालांकि, पुलिस ने ब्लैकमेलिंग के किसी प्रयास का जिक्र नहीं किया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने न्यूज एजेंसी को बताया कि सोमवार रात सूचना मिली थी कि एक स्थानीय लड़की का अश्लील वीडियो वायरल हुआ है, जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा कि इसके बाद छह अन्य लोगों को भी इसी तरह के वीडियो और तस्वीरें साझा करने के आरोप में हिरासत में लिया गया। एसपी ने कहा कि दो लड़कियों की ओर से कराई गई शिकायतों के आधार पर दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। भोपाल में विवादों में घिरे क्लब 90 पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके अवैध हिस्से को ध्वस्त कर दिया है। गौरतलब है कि क्लब 90 हाल ही में तब सुर्खियों में



आया था, जब इसके खिलाफ कुछ हिंदू लड़कियों के रेप और ब्लैकमेलिंग से जुड़ा गंभीर मामला सामने आया। आरोप सामने आने के बाद से ही क्लब 90 प्रशासन और पुलिस की जांच के दायरे में आ गया था। एसपी ने कहा कि साइबर पुलिस की एक टीम सभी सात व्यक्तियों के मोबाइल फोन और उनके सोशल मीडिया अकाउंट की जांच कर रही है और पुलिस उन लड़कियों और महिलाओं से संपर्क कर रही है, जिनसे ये व्यक्ति संपर्क में थे। अधिकारी ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों के साथ ऐसा ही अनुभव करने वाली किसी भी लड़की या महिला को पुलिस से संपर्क करना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के राज्य संयुक्त सचिव महेश अंजना ने दावा किया कि यह घटना एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी और इसमें शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

# हॉस्टल के बाथरूम में नहाती लड़कियों का वीडियो बनाया

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिजाइन और विनिर्माण संस्थान (आईआईआईटीडीएम) जबलपुर की एक बीटेक छात्रा के खिलाफ छात्रावास के बाथरूम में अपनी सीनियर रूममेट का वीडियो बनाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। बीटेक सेकंड ईयर की एक छात्रा ने अपनी सीनियर का नहाते समय बाथरूम में छिपकर अश्लील वीडियो बना लिया और उसे अपने दिल्ली में रहने वाले बॉयफ्रेंड को भेज दिया।

**बॉयफ्रेंड को भेजती थी छात्रा, दो पर प्रकरण**

खमरिया थाना प्रभारी सरोजिनी टोप्पो ने जानकारी दी कि आरोपी छात्रा महाराष्ट्र के गोंदिया की रहने वाली है और आईआईआईटीडीएम के महिला हॉस्टल में रह रही थी। यह घटना रविवार सुबह की है, जब छात्रा अपनी सीनियर को बाथरूम में नहाते वक्त चुपके से वीडियो बनाते हुए पकड़ी गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी छात्रा और उसके बॉयफ्रेंड के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बताया गया है कि आरोपी ने वीडियो अपने बॉयफ्रेंड को भेजने के बाद उसे मोबाइल और क्लाउड दोनों से डिलीट कर दिया, ताकि कोई सबूत न बचे। पुलिस ने आरोपी छात्रा के मोबाइल और लैपटॉप को जब्त कर लिया है और उसे सोमवार को हिरासत में ले लिया गया। साथ ही, दिल्ली में रह रहे उसके बॉयफ्रेंड की गिरफ्तारी के लिए एक पुलिस टीम को दिल्ली भेजा गया है। मामले में आरोपी छात्रा और उसके बॉयफ्रेंड पर भारतीय दंड संहिता की धारा 354C (निगाह रखना या वीडियो बनाना), 294 (अश्लील सामग्री का प्रदर्शन), 500 (मानहानि), 509 (महिला की गरिमा का अपमान) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

### भोपाल में आज मॉक ड्रिल, सिखाएंगे कोई हमला करें तो कैसे बचें

# साइरन बजते ही घर, दुकान, ऑफिस की लाइटें बंद करें




**संवाददाता ● भोपाल**

मध्यप्रदेश के 5 शहरों में बुधवार को मॉक ड्रिल होगी। भोपाल में भी यह मॉक ड्रिल होगी। ऐसे में सबसे पहले पुलिस लाइन नेहरू नगर में आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल की रिहर्सल की गई। इसमें बताया गया कि हमले या आपदा के दौरान कैसे घायलों को प्राथमिक उपचार दिया जाए और उन्हें सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया जाए। ड्रिल के दौरान CPR देना भी सिखाया गया। एक नकली हमले की स्थिति में घर में आग लगने का दृश्य दिखाया गया, जहां फायर फाइटर्स ने आग पर काबू पाया और घायलों को सुरक्षित निकाला।

रिहर्सल से पहले कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि बैठक में 12 सेवाओं के मुख्य अधिकारियों को नामित किया गया है। एनडीआरएफ (NDRF) को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल में कुल 6 मेन एक्टिविटी होंगी। पुलिस कंट्रोल रूम में ऑनलाइन सर्विसेज स्थापित की जा रही है, जहां से हमें एयर रेड की सूचना प्राप्त हो सकती है। इसके बाद अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग प्रकार की मॉक ड्रिल्स की जाएंगी। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर देश के सभी राज्यों में होने वाली मॉक ड्रिल के लिए एमपी के भी पांच शहरों को चुना गया है।

मॉक ड्रिल से पहले मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव संबंधित जिलों के संभागायुक्त, पुलिस कमिश्नर, कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भी कर चुके हैं। भोपाल कमिश्नर संजीव सिंह, पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह भी मौजूद रहे। बुधवार को भोपाल में होमगार्ड, एनडीआरएफ, एसडीईआरएफ और पुलिस के जवान मॉक ड्रिल करेंगे। शाम 4 बजे से सायरन के जरिए खतरे की सूचना, ब्लैकआउट, प्रमुख सरकारी और गैर सरकारी इमारतों को सुरक्षित रखने, दुर्घटना की स्थिति में घायलों को सुरक्षित निकालने जैसी गतिविधियों की ड्रिल की जाएगी। इस संबंध में जिला कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर और एसपी को निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

**शिवपुरी में आंधी के साथ जोरदार बारिश**



मध्य प्रदेश के कई जिलों में मौसम बदल रहा है। प्रदेश के शिवपुरी, गुना, अशोक नगर, नीमच, मंदसौर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में हवा की रफ्तार 50 किमी प्रतिघंटा से अधिक रह सकती है। शिवपुरी में आंधी के साथ जोरदार बारिश ने मौसम में ठंडक तो घोल दी, लेकिन शहर अस्त-व्यस्त कर दिया।

# स्वर्ण रेखा नदी प्रोजेक्ट के काम होगा सोशल ऑडिट

### हाईकोर्ट ने निर्देश पर पहली बार ऐसा

**संवाददाता ● ग्वालियर**

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में स्वर्ण रेखा नदी को पुनर्जीवित करने के लिए निगम, राज्य शासन जो भी कार्य कर रहे हैं, ना केवल उसकी निगरानी बल्कि उसे और प्रभावी तरीके से करने के लिए सोशल ऑडिट किया जाएगा। ग्वालियर के इतिहास में ये पहला अवसर होगा, जब किसी प्रोजेक्ट को लेकर नगर निगम अधिनियम में दिए सोशल ऑडिट के विचार को धरातल पर लाया जाएगा। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस हिरदेश की डिवीजन बेंच की ये मंशा है कि सोशल ऑडिट के लिए एक कमेटी का निर्माण किया जाए, जिसमें वित्त, पर्यावरण, टेक्नोलॉजी और समाजशास्त्र के विशेषज्ञ शामिल हों। हाईकोर्ट ने ऐसे विशेषज्ञों के नाम सुझाने के लिए न्याय मित्र के साथ ही निगम व अन्य वकीलों को कहा है। इस कमेटी को ग्वालियर के लोग भी सुझाव दे सकेंगे। उनके माध्यम से ये सुझाव अधिकारियों तक पहुंचाए जाएंगे। बता दें कि हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर स्वर्ण रेखा नदी को पुनर्जीवित करने की मांग की गई है। दरअसल, हाईकोर्ट का ये मानना है कि अधिकारी कुछ समय के लिए ही जिले में पदस्थ होते हैं। ऐसे में कई बार वे शहर की सांस्कृतिक-पारंपरिक पहलुओं या शहर की सामाजिक संस्कृति पर ध्यान नहीं दे पाते। जबकि प्रत्येक शहर में उसकी परंपरा-संस्कृति गूंजती है।

### ऑपरेशन सिंदूर का मनाया जश्न, संस्कृति बचाओ मंच बोला- आतंकवाद जड़ से खत्म

# युवा हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे

**संवाददाता ● भोपाल**

**जश्न**

पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारतीय वायुसेना की सर्जिकल स्ट्राइक के बाद भोपाल में भी जश्न का माहौल है। लिंक रोड नंबर दो पर संस्कृति बचाओ मंच ने कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की गई। 'संस्कृति बचाओ मंच' के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना की खुलकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सेना का अभिनंदन करता हूं जिन्होंने पहलगाम हमले का बदला लिया है। यह कड़ा संदेश है, लेकिन जनता अभी भी पूरी



तरह से संतुष्ट नहीं है। तिवारी ने आगे कहा, हमें आतंक की जड़ को पूरी तरह खत्म करना चाहिए ताकि वह खूंटा ही न रहे जिस पर उल्लू आकर बैठें हैं। संस्कृति बचाओ मंच भारत सरकार के इस साहसी कदम का पूर्ण समर्थन करता है और अभिनंदन करता है।

## देश का हर नागरिक, हर मजहब आतंकवाद के खिलाफ

मध्यप्रदेश सर्वधर्म सद्भावना मंच के सचिव हाजी मोहम्मद इमरान हारुन ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत का हर नागरिक, हर मजहब, हर तबका आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में भारतीय सेना और सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने कहा, भारत ने आतंकवाद के खिलाफ जो कार्यवाही शुरु की है, उसमें भारत का एक-एक नागरिक साथ है। देश का हर नौजवान, चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान, सिख या ईसाई, देश की रक्षा के लिए हर वक्त तैयार है। हाजी इमरान हारुन ने यह भी कहा कि यदि देश को जरुरत पड़ी तो भारत का एक-एक नौजवान सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान करने को तैयार है। उन्होंने सेना से अपील की कि जो युवा शारीरिक रुप से फिट और योग्य हैं, उन्हें भर्ती की प्रक्रिया में स्थान दिया जाए। उन्होंने याद दिलाया कि भारत की आजादी में लाखों हिंदू, मुसलमान, सिख और ईसाइयों ने कुर्बानियां दी थीं और आज भी वही जज्बा देश के नौजवानों में जिंदा है।

## नेहा कक्कड़ ने वीडियो शेयर कर मेलबर्न कॉन्सर्ट ऑर्गेनाइजर्स को दिया जवाब

### ऐसा था ऑडियंस रिएक्शन



नेहा कक्कड़ के मेलबर्न कॉन्सर्ट में हुआ विवाद एक महीने बाद तक खबरों में बना हुआ है। हाल में कॉन्सर्ट ऑर्गेनाइजर्स ने अपने एक इंटरव्यू में सिंगर पर इल्जाम लगाया था कि उन्होंने मेलबर्न कॉन्सर्ट के दौरान 700 लोगों की ऑडियंस के सामने परफॉर्म करने से मना कर दिया था। इसी कॉन्सर्ट में नेहा पर तीन घंटे की देरी का भी आरोप लगा था। अब सिंगर ने एक वीडियो शेयर कर एक बार फिर मेलबर्न कॉन्सर्ट विवाद पर अपनी बात रखी है। नेहा कक्कड़ ने एक वीडियो शेयर करते हुए कहा, "हाय, आप जानना चाहते हैं कि मेलबर्न शो में असल में क्या हुआ, है न? चलिए मैं आपको दिखाती हूं।' इसके बाद वीडियो में कॉन्सर्ट के लाइव ऑडियंस को डांस और परफॉरमेंस एन्जॉय करते हुए दिखाया जाता है। वीडियो में ऑडियंस परफॉरमेंस को एन्जॉय करने के साथ नेहा कक्कड़ के साथ गाना भी गा रही हैं। नेहा ने ये वीडियो अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में भी शेयर करते हुए लिखा, 'मुझपर जो प्यार बरसाया है वो मैं कभी नहीं भूल सकती, मेलबर्न' बता दें, हाल में ऑस्ट्रेलियन इवेंट ऑर्गेनाइजर्स पेस D और बिक्रम सिंह रंधावा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि मेलबर्न कॉन्सर्ट के दौरान नेहा कक्कड़ ने 700 लोगों की ऑडियंस को देखकर परफॉर्म करने से मना कर दिया था। उन्होंने बताया था कि नेहा के सिडनी शो में 1500 से 2000 लोगों की भीड़ आई थी और मेलबर्न शो देखने सिर्फ 700 लोग। ऐसे में नेहा कक्कड़ ने परफॉर्म करने से मना कर दिया था। 16000 की टिकट खरीदने वाली ऑडियंस ने भी तीन घंटे इंतजार करवाने का आरोप लगाया था। वहीं दूसरी तरफ नेहा ने ऑर्गेनाइजर्स पर उनकी टीम का ख्याल नहीं रखने, रहने और खाने पीने की व्यवस्था नहीं करने का आरोप लगाया था।

## मां निर्मल कपूर को याद कर फिर भावुक हुए अनिल कपूर



**इमोशनल नोट में लिखा- 'मेरे पास शब्द नहीं हैं...'**

अनिल कपूर, संजय कपूर और बोनी कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार को मुंबई के कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल में निधन हो गया। वह 90 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा में बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स पहुंचे थे। इस दौरान पूरी कपूर फैमिली काफी इमोशनल नजर आई थीं। वहीं अब अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक लंबे और इमोशनल नोट में अपनी दिवंगत मां निर्मल कपूर को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनिल कपूर ने अपनी मां और अपने परिवार के साथ कई तस्वीरें शेयर कीं हैं। अनिल ने उन लोगों का भी आभार जताया जो इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़े रहे। उन्होंने लिखा, 'जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास वाकई शब्द नहीं हैं कि मैं बता सकूं कि हम कितने आभारी हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मेरी मां ने न केवल सीधे तौर पर बल्कि उन लोगों के माध्यम से भी बहुत से लोगों के जीवन को छुआ, जिनका उन्होंने पालन-पोषण किया, उनका समर्थन किया और उन्हें प्यार दिया। वह उन शानदार महिलाओं में से एक थीं, जो कभी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। एक खामोश स्तंभ, हमेशा मुस्कुराती हुई, हमेशा परवाह करने वाली, हमेशा अपने आस-पास के लोगों को गर्मजोशी प्रदान करने वाली थीं।' अनिल कपूर ने आगे बताया कि कैसे उनकी माँ ने 'परिवार को करीब रखा।' अनिल ने आगे लिखा,'वह एक ऐसी गोंद थी जिसने हमारे परिवार को, हमारे बच्चों से लेकर हमारे नाती-नातिनों तक, और यहाँ तक कि हमारे एक्स्टेंडेड परिवार और दोस्तों को भी एक-दूसरे के करीब रखा। उनका प्यार दूर-दूर तक फैला हुआ था, और मैसेज और स्नेह की बाढ़ से ये क्लियर है कि उन्होंने इतने सारे दिलों पर एक परमानेंट इफेक्ट डाला था।' एनिमल अभिनेता ने पोस्ट के एंड में लिखा, 'आप सभी को, खासकर फिल्म फ्रेटरनिटी से, आपके दयालु शब्दों, प्रार्थनाओं और प्यार के लिए दिल से धन्यवाद। हम वास्तव में विनम्र और आभारी हैं।

## 'रिश्तों से बंधी गौरी' की अभिनेत्री शिवानी गोसाईं

### बोलीं – 'नेगेटिव रोल निभाने से पहले खुद को करती हूं शांत'



कई बार एक किरदार को निभाना ऐसा होता है जैसे आप खुद से बिल्कुल उल्टी दुनिया में कदम रख रहे हों। ऐसा ही कुछ महसूस कर रही हैं अभिनेत्री शिवानी गोसाईं, जो इन दिनों सन नियो के शो 'रिश्तों से बंधी गौरी' में 'कामिनी' का किरदार निभा रही हैं। हाल ही में शिवानी ने इस निगेटिव रोल को निभाने के अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि इतनी नेगेटिव भूमिका निभाने के बावजूद वह खुद को कैसे पॉज़िटिव बनाए रखती हैं। शिवानी गोसाईं ने कहा,'मैंने अब तक कई तरह के किरदार निभाए हैं पॉज़िटिव, निगेटिव और ग्रे शेड्स वाले भी लेकिन'रिश्तों से बंधी गौरी' में जो भूमिका कर रही हूं, वो अब तक का सबसे कठिन और कठोर किरदार है। सच कहूं तो ऐसा किरदार मैंने पहले कभी नहीं किया। इसका लुक भी ऐसा है, जो मेरे लिए नया और असहज था। टाइट बांधे हुए बाल, भारी साड़ियाँ, ऐसे में जब मैं इस गेटअप में खुद को आईने में देखती हूं, तो खुद को पहचानना नहीं चाहती। लेकिन एक कलाकार के तौर पर मुझे अपने किरदार के साथ न्याय करना जरूरी है।'

'कामिनी' के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा,'यह महिला सिर्फ पैसों और अपने बेटे से मतलब रखती है। उसे अपने भाई या उसके बच्चों से कोई लगाव नहीं है। वो दिल से बिल्कुल कठोर और स्वार्थी है और अपने मतलब के लिए पूरी फैमिली को बर्बाद करने को तैयार।' इतना निगेटिव किरदार निभाने से जो भावनात्मक असर पड़ता है, उस पर शिवानी कहती हैं,'ऐसे निगेटिव और तीव्र किरदार को निभाना मानसिक रूप से बहुत चुनौतीपूर्ण होता है। मैं निजी तौर पर बहुत पॉजिटिव सोचने वाली और खुश रहने वाली इंसान हूं। कई बार जब कामिनी के कुछ डायलॉग पढ़ती हूं, तो मन अजीब-सा हो जाता है। इसलिए खुद को बैलेंस रखने के लिए मैं शूट से पहले मेडिटेशन करती हूं। यह मुझे शांत और स्थिर रखता है और यह सुनिश्चित करता है कि किरदार की नेगेटिविटी मुझ पर हावी न हो। मैं घर पर भी और सेट पर भी बीच-बीच में मेडिटेशन करती हूं।'

शिवानी ने यह भी कहा, 'मुझे एक्टिंग से बहुत प्यार है और सेट पर परफॉर्म करना मुझे बेहद खुशी देता है, लेकिन मैं यह भी ध्यान रखती हूं कि मैं अपनी असली पहचान को बचाए रखूं। मैं चाहती हूं कि यह नेगेटिविटी सिर्फ कैमरे तक सीमित रहे। बल्कि मैं तो यह दुआ करती हूं कि किसी को भी असल जिंदगी में कामिनी जैसे इंसान से न मिलना पड़े, यहां तक कि, जिन्हें मैं पसंद नहीं करती, उन्हें भी!'

'रिश्तों से बंधी गौरी' एक साहसी और नेकदिल लड़की गौरी की कहानी है, जिसकी अटूट आस्था उसे जीवन की सबसे कठिन परिस्थितियों से लड़ने का साहस देती है। जबरन विवाह के बंधन में बांधे जाने के बाद वह बुंदेला परिवार की बहू बनती है, लेकिन अपने विवेक और हिम्मत से वह खुद की किस्मत को संवारने का फैसला करती है। इस शो की मुख्य भूमिकाओं में ईशा पाठक, सावी ठाकुर, स्वाति शाह और शिवानी गोसाईं शामिल हैं। देखिए भावनाओं से भरी 'रिश्तों से बंधी गौरी' शो की यह कहानी हर रात 8:30 बजे सिर्फ सन नियो पर।

## मां श्वेता तिवारी से मिली सीख पर बोलीं पलक तिवारी

### मां कहती हैं इंडस्ट्री के शोर से बचकर काम पर फोकस करो



एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने काम से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी की वजह से लाइमलाइट में रहती हैं। उनका नाम एक्टर सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान से जुड़ता रहता है। दोनों अक्सर एक-दूसरे के साथ हैंग आउट करते भी दिखते हैं। फिलहाल पलक अपनी नई फिल्म 'द भूतनी' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उन्हें संजय दत्त जैसे दिग्गज एक्टर के साथ काम करने का मौका मिला है। बाहरी प्रेशर सबसे ज्यादा होता है। लोगों को जो बोलना है, बोलेंगे ही। मुझे लगता है कि लोगों की इज्जत भी कमानी पड़ती है। मैं एक दिन ये भी कमा लूंगी। लेकिन सबसे ज्यादा प्रेशर खुद से आता है और वो प्रेशर घटता नहीं है। जैसे कि मैं खुद पर हर दिन बेहतर करने का दबाव बनाती हूं। बाहरी दबाव के लिए आप बहाने बना सकते हैं कि चलो मैं इसे जानती नहीं हूं। लेकिन जो दबाव इंसान खुद से खुद के ऊपर डालता है, उसका कोई इलाज नहीं है। मैं इंसान हूं और इंसानों का असल जिंदगी में भूत से नहीं जिंदगी का ही खौफ होता है। मुझे भी वही खौफ है। असल जीवन में बहुत चीजों की टेंशन होती है। मां-भाई को गर्व महसूस करा पा रही हूं या नहीं? अपना काम अच्छे से करना है। घर के लिए पैसे कमाने हैं। इन बातों का कितना स्ट्रेस होता है। जैसा कि आपने कहा मैंने ये जिम्मेदारी ली है। घर की जिम्मेदारी किसी ने नहीं डाली है। मुझे लगता है मेरी फैमिली में हर कोई बहुत ज्यादा इनवॉल्ड है। मेरे घर में हर सदस्य एक-दूसरे की मदद करता है। मैंने अपनी मां बहुत कम उम्र से घर के लोगों को प्यार और सपोर्ट करते देखा है इसलिए मेरा भी दिल करता है कि मैं यह करूं। मेरी मां मेरे लिए प्रेरणा हैं। शायद पहले करता था लेकिन अब इतना नहीं है। मैं जैसे-जैसे बड़ी हो रही हूं, मुझे एहसास हो रहा है कि अगर मैं अच्छा काम करूंगी तो लोग मुझे अपना ही लेंगे। लोग एक्टर से नफरत इतना करते हैं, जैसे दुश्मन हों। फिर फैमिली की तरह प्यार भी देते हैं। मैं सोशल मीडिया पर आया निगेटिव कमेंट को पढ़ती नहीं हूं और न कभी कोई रिप्लाई किया है। मेरा मानना है कि जितना पढ़ोगे, उतना खुद पर इफेक्ट पड़ेगा। मैं सोशल मीडिया पर अच्छा-बुरा दोनों पढ़ने से बचती हूं। जो लोग भी मुझसे नफरत करते हैं, मैं सबको एक दिन प्यार में बदल दूंगी।

## श्रद्धा की मौसी को इस सुपरस्टार के साथ काम न करने का है पछतावा

### जया बच्चन ने छीना था मौका ?



बॉलीवुड से टीवी की दुनिया तक अपने अभिनय का जलवा दिखाने वालीं श्रद्धा कपूर की मौसी और 80-90 के दशक की मशहूर अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार फिल्में दी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट फिल्म 'एक खिलाड़ी बावन पत्ते' से की थी। युवा अभिनेत्री के तौर पर पद्मिनी की पहली फिल्म साल 1981 में आई, जिसका टाइटल था 'आहिस्ता-आहिस्ता'। पद्मिनी कोल्हापुरे की सबसे यादगार फिल्मों में 'प्रेम रोग है', जिसके लिए उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। 80 से लेकर 2000 तक के फिल्मी करियर में उन्होंने ऋषि कपूर से लेकर शमी कपूर, दिलीप कुमार, संजीव कुमार-संजय दत्त, मिथुन चक्रवर्ती, राज बब्बर समेत बॉलीवुड के हर एक्टर के साथ लगभग काम किया। हालांकि, एक सुपरस्टार ऐसे हैं जिनके साथ कभी स्क्रीन शेयर न कर पाने का पद्मिनी कोल्हापुरे को काफी पछतावा है। पद्मिनी कोल्हापुरे इन दिनों अपने ऐतिहासिक टीवी शो 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस टीवी शो में वह एक बार फिर से राजमाता का किरदार अदा करने वाली हैं। अपने टीवी शो को प्रमोट करते हुए पद्मिनी ने 80 के दशक की भी कुछ सुहानी यादों को ताजा किया और साथ ही बताया कि उन्हें किस सुपरस्टार के साथ काम करने का सौभाग्य कभी नहीं मिला। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पद्मिनी कोल्हापुरे को अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का मौका यश चोपड़ा की लव ट्राएंगल 'सिलसिला' में मिलने वाला था, बाद में उन्हें रिप्लेस करके मूवी में स्मिता पाटिल और फिर परवीन बाबी को चुना गया। हालांकि, एंड में तीनो ही अभिनेत्रियों का पत्ता साफ करके फिल्म में जया बच्चन को रेखा और अमिताभ बच्चन के साथ कास्ट किया गया।

## सेलेब्स ने लगाए भारत माता की जय के नारे, सेना की जांबाजी को किया सलाम



आतंकी हमले का बदला लेते हुए भारत ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। मंगलवार रात भारत की तरफ से पाकिस्तान में बड़ी एयरस्ट्राइक की गई। इसे 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया है। हमले में पाकिस्तान और पीओके में स्थित कुल 9 आतंकवादी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की गई। रात करीब 1।30 बजे ये कार्रवाई भारत की तरफ से की गई थी। जानकारी के मुताबिक, जैश-ए-मोहम्मद के चार, लश्कर-ए-तैयबा के 3 और हिज्बुल मुजाहिदीन के 2 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इस ऑपरेशन को भारतीय वायु सेना, भारतीय सेना और भारतीय नौसेना तीनों ने मिलकर अंजाम दिया। 'ऑपरेशन सिंदूर' को देशवासियों ने सपोर्ट करते हुए भारतीय सेना की जांबाजी को सलाम किया है। इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के सितारों ने भी सेना द्वारा की गई एयरस्ट्राइक के सफल होने पर खुशी जताई है। सबने जय हिंद के नारे लगाते हुए इंडियन आर्मी को सलाम किया है। जानते हैं सेलेब्स ने क्या कहा... फिल्ममेकर मधुर भंडारकर का भी रिएक्शन सामने आया है। उन्होंने लिखा- हमारी प्रार्थनाएं सेना के साथ है। एक राष्ट्र, हम साथ में खड़े हैं। जय हिंद वंदे मातरम। एक्ट्रेस निमरत कौर ने इंस्टा पर ऑपरेशन सिंदूर पर रिएक्ट करते हुए लिखा- हम अपनी सेना के साथ हैं। हमारा देश, एक मिशन, जय हिंद। परेश रावल, अनुपम खेर, विनीत कुमार सिंह और राहुल वैद्य का भी रिएक्शन सामने आया है।

## आतंकियों पर हुआ हमला तो खौला पाक एक्ट्रेस हानिया आमिर का खून, भारत को कायर कहते हुए दी चुनौती



22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम टूरिस्ट को निशाना बना उनकी जान ले ली। धर्म पूछकर 25 निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। वहीं अब 7 मई को भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। ऑपरेशन सिंदूर के तहर 9 आतंकी ठिकानों को खत्म कर दिया। जहां इस हमले से भारत में लोग खुशियां मना रहे हैं और एक्स पर भी हैप्पी दीवाली ट्रेंड कर रहा है। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान में खलबली मच गई है। बता दें कि तमाम नेताओं के साथ ही पाकिस्तानी एक्टर्स के भी इस हादसे लेकर रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं। बता दें कि हाल ही में उस एक्ट्रेस का रिएक्शन सामने आया है जिसे भारत के लोग खास पसंद करते हैं। बता दें कि भारत में इस एक्ट्रेस का इंस्टाग्राम ब्लॉक होने पर एक्ट्रेस काफी दुखी भी हुई थीं। वह अपने भारतीय फैन्स को काफी पसंद करती हैं, लेकिन फिलहाल तो ऑपरेशन सिंदूर के बाद से उनके बोल बदले नजर आ रहे हैं। हानिया आमिर ने हाल ही में अपनी इंस्टा स्टोरी पर गुस्सा जाहिर करते हुए लिखा- 'मेरे पास कोई शब्द नहीं बचे। मेरे पास बस गुस्सा है। दर्द है और भारी दिल है। एक बच्चा नहीं रहा। उसका परिवार बिखर गया और किस लिए ? इस तरह से आप किसी की रक्षा नहीं कर पाएंगे। यह साफ तौर पर क्रूरता है। आप निर्दोष लोगों पर बम नहीं फेंक सकते। आप इसे रणनीति कह सकते हैं। यह ताकत का प्रतीक नहीं है। यह शर्मनाक है और कायरता है। अब हम आपको देख लेंगे।' बता दें कि हानिया के अलावा माहिरा खान का भी रिएक्शन देखने को मिल रहा है। माहिरा खान ने भी ऑपरेशन सिंदूर पर गुस्सा जाहिर किया है। माहिरा ने फातिमा भुट्टो के ट्वीट को रीपोस्ट करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की जमकर आलोचना की। इसी के साथ ही उन्होंने लिखा- वास्तव में कायराना। अल्लाह हमारे देश की रक्षा करे। और बेहतर समझ आए। आमीन।

# धर्मशाला में नहीं वानखेड़े में होगा पंजाब बनाम मुंबई मैच, दिल्ली के खिलाफ मैच पर भी छाए संकट के बादल

एजेंसी ● मुंबई



आईपीएल 2025 अपने नियमित कार्यक्रम के मुताबिक जारी रहेगा, लेकिन पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच 11 मई (रविवार) को होने वाले मुकाबले को धर्मशाला से स्थानांतरित कर दिया गया है। अब यह मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। दरअसल, पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिलाइल हमले के बाद धर्मशाला हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

धर्मशाला पर दो मुकाबले खेले जाने हैं। पहला आठ मई यानी कल पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। इसके बाद 11 मई को पंजाब का सामना मुंबई इंडियंस से होगा जिसको धर्मशाला से वानखेड़े स्टेडियम पर स्थानांतरित कर दिया गया है। हालांकि, अब तक गुरुवार को होने वाले मैच का फैसला नहीं हो पाया है।

समाचार एजेंसी एएनआई ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र के हवाले से बताया कि 11 मई को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाने वाला मुकाबला मुंबई में होगा। सूत्र ने कहा- 'मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच 11 मई को खेला जाने वाला मैच धर्मशाला से मुंबई स्थानांतरित कर दिया गया है, क्योंकि धर्मशाला का हवाई अड्डा बंद कर दिया गया है।' धर्मशाला पर दो मुकाबले खेले जाने हैं। पहला आठ मई यानी कल पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। इसके बाद 11 मई को पंजाब का सामना मुंबई इंडियंस से होगा जिसको धर्मशाला से वानखेड़े स्टेडियम पर स्थानांतरित कर दिया गया है। हालांकि, अब तक गुरुवार को होने वाले मैच का फैसला नहीं हो पाया है। सूत्र ने आगे कहा- 'दिल्ली और पंजाब के बीच कल होने वाले मैच का कार्यक्रम भी खतरे में है, क्योंकि बीसीसीआई को पता है कि धर्मशाला सीमा (भारत-पाकिस्तान) के पास है और बोर्ड सरकार के संपर्क में है और मैच के लिए मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहा है।'

# टेस्ट रैंकिंग में रवींद्र जडेजा की बादशाहत बरकरार, बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर को भी हुआ फायदा

एजेंसी ● नई दिल्ली



भारतीय टीम के स्टार स्पिनर रवींद्र जडेजा की बादशाहत में कोई कमी नहीं आई है। वह टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हैं। वहीं, बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को भी तगड़ा फायदा हुआ है। बता दें कि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी। जिम्बाब्वे के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने वाले मेहदी हसन मिराज ने एक स्थान की छलांग लगाकर टेस्ट ऑलराउंडरों की रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। जडेजा अब 400 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। फॉर्म में चल रहे मिराज ने दो टेस्ट मैचों में 116 रन बनाए और 15 विकेट लिए। इसके बाद उन्हें टेस्ट रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 327 अंकों के साथ हासिल करने का मौका मिला। वह नंबर एक पर काबिज जडेजा से 73 रेटिंग अंकों के अंतर से पीछे हैं।इंग्लैंड के अनुभवी खिलाड़ी जो रूट को टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में कुछ खास लाभ नहीं हुआ, जबकि जिम्बाब्वे के शॉन विलियम्स (दो स्थान ऊपर 19वें स्थान पर) और बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम (17वें स्थान पर 60वें स्थान पर) को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन का तगड़ा फायदा हुआ। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग के अलावा मिराज टेस्ट गेंदबाजों की लिस्ट में दो स्थान ऊपर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि बांग्लादेश के उनके साथी तैजुल इस्लाम (सात स्थान ऊपर 16वें स्थान पर) और नईम हसन (छह स्थान ऊपर 54वें स्थान पर) को भी लाभ मिला है।

## बुमराह पहले स्थान पर काबिज

टेस्ट गेंदबाजी में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बादशाहत बरकरार है। वह 908 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर काबिज हैं। जिम्बाब्वे के स्पिनर विन्सेंट मसेकेसा बांग्लादेश टेस्ट के दौरान अपने डेब्यू पर प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद शीर्ष 100 के बाहर पहली बार रैंकिंग में प्रवेश किया।

# गुजरात ने रोका मुंबई का विजय रथ, जीत के साथ हासिल किया पहला स्थान

एजेंसी ● मुंबई



गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियंस को डीएलएस के आधार पर तीन विकेट से हरा दिया। बारिश से प्रभावित मुकाबले में गुजरात को 19 ओवर में 147 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसे टीम ने हासिल कर लिया। इससे पहले मुंबई ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 155 रन बनाए थे। उनके लिए विल जैक्स ने सर्वाधिक 53 रनों की पारी खेली।सत्र की आठवीं जीत के साथ गुजरात अंक तालिका में 16 अंक और 0.793 के नेट रन रेट के साथ पहले स्थान पर पहुंच गई है। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पीछे छोड़ दिया। वहीं, मुंबई 12 में सात मैचों में जीत और पांच हार के बाद चौथे पायदान पर पहुंच गई। इसी के साथ मुंबई का विजय रथ रुक गया। इससे पहले मुंबई ने लगातार छह मैचों में जीत दर्ज की थी।बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में गुजरात ने आखिरी ओवर में शानदार जीत दर्ज की। दरअसल, 18वें ओवर के बाद बारिश ने दस्तक दी और मुकाबला रोक दिया गया। उस वक्त गेराल्ड कोएत्जी और राहुल तेवतिया 5-5 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। गुजरात का स्कोर 132/6 था। अब उन्हें जीत के लिए आखिरी दो ओवरों में 24 रनों की दरकार थी। हालांकि, बारिश के कारण मैच देरी से शुरू हुआ और डीएलएस मैथड के आधार पर उन्हें 19 ओवर में 147 रन का नया लक्ष्य मिला।

## 19वें ओवर का रोमांच

कप्तान हार्दिक पांड्या ने गेंद दीपक चाहर को थमाई। स्ट्राइकर्स एंड पर राहुल तेवतिया और नॉन स्ट्राइकर्स एंड पर गेराल्ड कोएत्जी मौजूद थे। टीम को जीत के लिए छह गेंदों में 15 रनों की जरूरत थी। चाहर की पहली गेंद पर तेवतिया जोरदार शॉट खेला और चार रन के लिए सीधे बाउंड्री के पास पहुंचा दी। अब उन्हें पांच गेंदों में 11 रन की जरूरत थी। दूसरी गेंद पर तेवतिया ने एक रन चुराया और गुजरात का लक्ष्य चार गेंदों में 10 रन हो गया। तीसरी गेंद पर गेराल्ड कोएत्जी ने शानदार छक्का मारा और लक्ष्य तीन गेंदों में चार रन हो गया। चौथी गेंद पर कोएत्जी ने बैकवर्ड स्क्वैर लेग की की तरफ शॉट खेला और एक रन के लिए दौड़ गए। इस बीच अंपायर ने इस गेंद को नो बॉल करार दिया। स्कोर तीन गेंदों में तीन रन हो गया।

नो बॉल होने के कारण चाहर को चौथी गेंद दोबारा फेंकनी पड़ी और स्ट्राइकर्स एंड पर राहुल तेवतिया आ गए। उन्होंने फुलटॉस गेंद पर एक रन चुराया और स्कोर बराबर हो गया। अब गुजरात को जीत के लिए दो गेंदों में एक रन चाहिए था। पांचवीं गेंद पर कोएत्जी नमन धीर को कैच दे बैठे और मुकाबले का रोमांच आसमान चढ़ गया। अब जीत के लिए टीम को एक गेंद में एक रन की जरूरत थी और क्रीज पर अरशद खान आए।

आखिरी गेंद पर अरशद खान ने मिड ऑफ की तरफ शॉट खेला और एक रन के लिए भाग गए। हार्दिक पांड्या ने गेंद को लपका और बॉलर्स एंड पर मौजूद चाहर को रनआउट करने के लिए गेंद को थ्रो किया, लेकिन गेंदबाज उसे पकड़ नहीं पाए और अरशद व तेवतिया ने रन चुराने में कामयाबी हासिल की। इस तरह गुजरात ने यह मुकाबला डीएलएस मैथड के आधार पर तीन विकेट से जीत लिया।

## गुजरात की पारी

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात की शुरूआत झटके के साथ हुई थी। ट्रेंट बोल्ट ने दूसरे ओवर में साई सुदर्शन को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ पांच रन बना सके। इसके बाद शुभमन गिल ने जोस बटलर के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 गेंदों में 72 रन बनाए। अश्विनी कुमार ने बटलर को रेयान रिकेल्टन के हाथों कैच आउट कराया। वह 27 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शुभमन गिल को शेरफेन रदरफोर्ड का साथ मिला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 35 रन जोड़े। जसप्रीत बुमराह ने कप्तान गिल को बोल्ड किया। वह तीन चौके और एक छक्के की मदद से 43 रन बना पाए। इसके बाद बोल्ट ने रदरफोर्ड को अपना शिकार बनाया। वह 28 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा शाहरुख खान ने छह, राशिद खान ने दो और गेराल्ड कोएत्जी ने 12 रन बनाए। वहीं, राहुल तेवतिया 11 और अरशद खान एक रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई के लिए ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह और अश्विनी कुमार को दो-दो विकेट मिले जबकि दीपक चाहर को एक सफलता मिली।

## मुंबई की पारी

विल जैक्स और सूर्यकुमार यादव के कैच छोड़े जाने का फायदा मुंबई इंडियंस नहीं उठा पाई। एक समय मुंबई का स्कोर दो विकेट पर 97 रन था। जैक्स और सूर्य विकेट पर थे, लेकिन 26 रन के अंतराल में उसने पांच विकेट खो दिए, जिसके चलते मुंबई के बल्लेबाज गुजरात के खिलाफ आठ विकेट पर 155 रन ही बना पाए। शुरूआती दो विकेट 26 रन पर खोने के बाद जैक्स और सूर्य ने 43 गेंद में 71 रन की साझेदारी कर मुंबई को संभाला। पिछले मैच में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले जैक्स ने 35 गेंद में पांच चौकों, तीन छक्कों की मदद से 53 रन की पारी खेली और मुंबई के लिए पहला अर्धशतक जड़ा, जबकि सूर्य ने 24 गेंद में पांच चौकों की मदद से 35 रन बनाए । सात विकेट पर 123 रन के बाद कोर्बिन बोश्च ने 22 गेंद में एक चौके और दो छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर मुंबई को डेढ़ सौ पार कराया। खबर लिखे जाने तक गुजरात ने दो ओवर में एक विकेट पर 10 रन बनाए थे।

# प्रथम स्वर्गीय श्री जी एस पठानिया मेमोरियल व-15 बॉयज स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता

खेल संवाददाता ● भोपाल



अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी द्वारा जवाहर लाल नेहरू स्कूल में दिनांक 8 मई 2025 से प्रथम स्वर्गीय श्री जी एस पठानिया मेमोरियल व-15 बॉयज स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता बीड़ीसीए से मान्यता प्राप्त है। इस प्रतियोगिता के बारे मे जानकारी देते हुए आयोजन सचिव अभय गोस्वामी ने बताया कि प्रतियोगिता मे कुल 16 टीम भाग ले रही है जिन्हे चार पूल में बाटा गया है।

यह प्रतियोगिता लीग कम नाकआउट पद्धति पर खेलीं जाएगी। प्रतियोगिता मे 50-50 ओवर के मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता सफेद ड्रेस मे रेड बॉल से खेली जाएगी। प्रतियोगिता मे प्लेयर ऑफ द मैच के अलावा मेन ऑफ द सीरीज, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर के अलावा सर्वश्रेष्ठ फील्डर का पुरुस्कार भी दिया जाएगा। प्रतियोगिता मे हिस्सा लेने वाली टीम टीम और उनके पूल इस प्रकार हैः

**पूल ए** 1 अंकुर अकादमी 2 अकीरा अकादमी 3 वी एस अकादमी 4 कैप अकादमी

**पूल बी** 1 एनसीसीसी 2 उड़ान अकादमी 3 क्रिकिंगडम अकादमी 4 एसजीसीए

**पूल सी** 1 अरेरा अकादमी 2 गर्वित अकादमी 3 सिलीपॉइंट 4 आरसीसी

पूल डी 1 रेलवे यूथ 2 यूसीसीए 3 एस अकादमी 4 अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी

**गौतम गंभीर ने बताया**

# कब तक भारत के लिए खेल सकते हैं रोहित-कोहली

एजेंसी ● नई दिल्ली



भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के भारतीय टीम में शामिल होने को लेकर बड़ा बयान दिया है। गंभीर का कहना है कि जब तक रोहित और कोहली अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, वे भारतीय टीम का हिस्सा बने रहेंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि ये दोनों बल्लेबाज इंग्लैंड दौरे के लिए चुने जाएंगे या नहीं, इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं होगी। रोहित के इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी करने को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है, लेकिन इस मामले के बारे में पूछे जाने पर गंभीर से एक टुक जवाब दिया। कोहली को लेकर ज्यादा चर्चा नहीं हो रही है, लेकिन उनके भविष्य पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। गंभीर ने कहा, पहली बात तो यह है कि कोच का काम टीम का चयन करना नहीं है। यह चयनकर्ता का काम है। कोच सिर्फ प्लेइंग-11 का चयन करता है जिसे मैच में उतारा जाएगा। जो मुझसे पहले कोच थे ना वो चयनकर्ता थे और ना ही मैं हूं।

गंभीर ने कहा, जब तक कोहली और रोहित अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, वे टीम का हिस्सा बने रहेंगे। आपको कब शुरू करना है और कब खत्म, ये आपका व्यक्तिगत निर्णय होगा। कोई भी कोच, चयनकर्ता या बीसीसीआई आपसे नहीं कहता कि आपको कब करियर समाप्त करना है। अगर आप प्रदर्शन कर रहे हैं तो 40 क्यों आप 45 साल तक खेल सकते हैं। आपको कौन रोकेगा। भारत को पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करना है जिसकी शुरूआत 20 जून से होगी। गंभीर ने रोहित-कोहली के टेस्ट भविष्य को लेकर कोई जवाब नहीं दिया, लेकिन वह इन दोनों के 2027 वनडे विश्व कप में खेलने को लेकर सकारात्मक दिखे। गंभीर ने कहा, 2027 वनडे विश्व कप में खेलना इन दोनों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। सिर्फ यही चीज इनका चयन सुनिश्चित कर सकती है। मैं उनके प्रदर्शन पर क्या बोलूं। पूरी दुनिया ने चैंपियंस ट्रॉफी में देखा कि इन्होंने किस तरह का प्रदर्शन किया है। गंभीर ने योजनाबद्ध विदाई की अवधारणा को भी बेकार बताया और जोर देकर कहा कि कोई भी क्रिकेटर ऐसा नहीं चाहता है। भारतीय मुख्य कोच ने कहा, कोई भी खिलाड़ी ये सोचकर क्रिकेट नहीं खेलता कि उसे जोरदार विदाई मिलेगी। विदाई के अलावा हम ये कोशिश करते हैं कि किस तरह हमने देश के लिए मैच जीते हैं। विदाई मिल रही है या नहीं, ये जरूरी नहीं है। अगर उसने देश के लिए योगदान दिया है तो वो अपने आप में बड़ी विदाई है। अपने देश से प्यार करने से बड़ी कोई ट्रॉफी है क्या? विदाई क्रिकेटरों के लिए मायने नहीं रखती।

## आईसीसी टूनार्मेंट में भी पाकिस्तान के साथ खेलने के पक्ष में नहीं हैं गंभीर, पूर्ण बहिष्कार की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मंगलवार को पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंध पूरी तरह से खत्म करने की अपील की। पहलगाम हमले के बाद गंभीर ने कड़ा रुख दिखाते हुए कहा कि भारत को एशिया कप और आईसीसी टूनार्मेंट्स में भी पाकिस्तान के साथ नहीं खेलना चाहिए। भारतीय मुख्य कोच का कहना है कि जब तक आतंकवाद खत्म नहीं हो जाता, तब तक राष्ट्रीय टीम को चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ किसी भी स्तर पर नहीं खेलना चाहिए।भारत और पाकिस्तान के बीच करीब एक दशक से अधिक समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं हो रही है। वहीं, भारत ने 2007 के बाद पाकिस्तान में कोई सीरीज नहीं खेली है। दोनों टीमें अब तक सिर्फ बहुराष्ट्रीय टूनार्मेंट में ही खेलती हैं और गंभीर का कहना है कि भारतीय टीम को ऐसे टूनार्मेंट्स में भी पाकिस्तान के साथ नहीं खेलना चाहिए। गंभीर ने कहा, मेरी निजी राय है कि पाकिस्तान के साथ नहीं खेलना चाहिए। जब तक सीमा पार आतंकवाद खत्म नहीं होता, तब तक भारत और पाकिस्तान के बीच कुछ भी नहीं होना चाहिए।




मध्य प्रदेश स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप अंडर 15 विनर कृतिका पाठक

# फाइनल पर टिकी भारत की निगाह, उम्मीदों पर खेलेगी दक्षिण अफ्रीका

एजेंसी ● कोलंबो

भारत महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में बुधवार को यहां जब दक्षिण अफ्रीका की टीम से भिड़ेगा तो वह पिछले मैच में श्रीलंका से मिली हार से उबरकर फाइनल में अपनी जगह पक्की करने को उत्सुक होगा। हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम का आठ मैचों की जीत का सिलसिला रविवार को मेजबान श्रीलंका से हार के साथ समाप्त हो गया। भारतीय टीम हालांकि अब भी अपने बेहतर रन रेट के कारण फाइनल में पहुंचने की प्रबल दावेदार है लेकिन वह अपने अगले मैच में जीत हासिल करके इस मुकाम पर पहुंचना चाहेगी।भारतीय टीम तीन मुकाबलों में चार अंक हासिल करके अंक तालिका में शीर्ष पर है।

वे दूसरे स्थान पर मौजूद श्रीलंका से आगे हैं, जिसके भी चार अंक हैं लेकिन उसका नेट रन रेट -0.166 है। भारत का नेट रन रेट 0.433 है। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अभी तक कोई मैच नहीं जीता है लेकिन उसे अभी दो मैच खेलने हैं और इनमें जीत हासिल करने पर वह भी फाइनल में जगह बना सकती है। इस श्रृंखला में भारत की बल्लेबाजी एक बड़ा सकारात्मक पक्ष रही है। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल दो अर्धशतक सहित 163 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। अन्य बल्लेबाजों ने भी इसमें योगदान दिया है।

स्नेह राणा ने गेंदबाजी में कमान अच्छी तरह से संभाली है। उन्होंने तीन मैचों में 4.25 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 11 विकेट लिए हैं। राणा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में पांच विकेट लिए थे और वह उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगी। पहले दो मैचों में गेंदबाजों ने भारत को जीत दिलाई, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इस मैच में ऑलराउंडर काशवी गौतम केवल पांच ओवर करने के बाद मैदान से बाहर चली गई थी।

# भारत ने पाकिस्तान से लिया पहलगाम का बदला, सचिन-सहवाग से लेकर गंभीर-रैना का जोश हाई

एजेंसी ● नई दिल्ली



भारत ने पहलगाम हमले का बदला ले लिया है। भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के नौ ठिकानों पर हमला किया है। इसमें कई आतंकी ठिकाने नेस्तनाबूद हो गए हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में आतंकियों ने 26 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। अब भारत ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारत की इस जवाबी कार्रवाई ने भारतीय क्रिकेट और क्रिकेट-रों में भी जोश भर दिया है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर और पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर भारतीय सेना की सराहना की है। वहीं, वीरेंद्र सहवाग और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भी इसको लेकर पोस्ट किया है।रैना ने बाद में दो और तस्वीरें साझा की हैं। वहीं, तेंदुलकर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा किया। इस पोस्ट में लिखा है, 'एकता में निडर, शक्ति में असीम, भारत की ढाल उसके लोग हैं। इस दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। हम एक टीम हैं! जय हिंद #ऑपरेशनसिंदूर'। सचिन ने कैप्शन में जय हिंद भी लिखा है। पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने लिखा, 'भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की। भारत माता की जय।' इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने भी 'जय हिंद' लिखा।गंभीर ने ट्वीट करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर साझा की। इसके कैप्शन में उन्होंने 'जय हिंद' लिखा। वहीं, रैना ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। उन्होंने भी 'ऑपरेशन सिंदूर' की तस्वीर साझा की और 'जय हिंद' लिखा। वहीं, भारत के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने भी ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा, 'धर्मो रक्षति रक्षितः। जय हिंद की सेना।' इसका अर्थ है जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है।

22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ। उसमें 25 पर्यटकों और एक नेपाली नागरिक की जान गई थी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया था कि भारत इसका जवाब देगा। इसके बाद 29 अप्रैल को सेना के तीनों प्रमुखों, सीडीएस और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार समेत वरिष्ठ मंत्रियों के साथ हुई बैठक में भी प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का जवाब किस तरह होगा और कब होगा, यह तय करने के लिए सेना को खुली छूट दी गई है। इसके बाद यह तय हो गया था कि भारत जल्द कार्रवाई करेगा। पहलगाम हमले में आतंकियों ने पर्यटकों का धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी थी। हमले के 15 दिन बाद 6 और 7 मई की दरमियानी रात यह कार्रवाई पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर, दोनों के अंदर ऐसी जगहों पर हुई, जहां आतंकियों के ठिकाने मौजूद हैं। कुल नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया।



प्रवासी पक्षियों का जमावड़ा... तुर्कीये की झील में हर साल लाखों की संख्या में प्रवासी पक्षी फ्लेमिंगो डेरा जमाते हैं।

## शॉट न्यूज

### आज से शुरू होगी पोप चुने जाने की प्रक्रिया

**वेटिकन।** दिवंगत पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी को चुनने की प्रक्रिया आज वेटिकन सिटी के सिस्टीन चैपल में शुरू होगी। कैथोलिक चर्च के सर्वोच्च धर्मगुरु को चुनने के लिए सीक्रेट वोटिंग होती है जिसे कॉन्क्लेव कहा जाता है। कॉन्क्लेव में शामिल होने के लिए दुनियाभर से 133 कार्डिनल पहुंचे हैं। इसमें 4 भारतीय भी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आज वोटिंग शुरू होने से लगभग 90 मिनट पहले सभी सिग्नल बंद कर दिए जाएंगे। कार्डिनल्स ने कल ही अपने फोन और इलेक्ट्रॉनिक सामान जमा कर दिए हैं, नए पोप के चुने जाने तक इन्हें वापस नहीं किया जाएगा। लीक को रोकने के लिए कॉन्क्लेव क्षेत्र को सख्त लॉकडाउन में रखा जाएगा। 2013 में भी यही तरीका अपनाया गया था जब पोप फ्रांसिस के चुनाव के लिए सिग्नल ब्लॉकर्स लगाए गए थे।

### मसूद अजहर का पूरा परिवार खत्म, बोला- अच्छा होता मैं भी मर जाता

**कराची।** पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख अड्डे मरकज सुब्हान अल्लाह पर भारतीय सेना द्वारा किए गए स्ट्राइक में मसूद अजहर की पत्नी, बेटा और बड़ी बहन सहित उसके पूरे परिवार के 10 लोगों के मारे जाने की खबर सामने आ रही है। खुफिया सूत्रों के अनुसार, इस हमले में मौलाना काशिफ और उसके परिवार के भी मारे जाने की खबर है। मौलाना अब्दुल रऊफ की बड़ी बेटी, पोते और चार बच्चों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। इस हमले के बाद मसूद अजहर ने कहा- अच्छा होता कि मैं भी मर जाता। मारे गए लोगों में मसूद के चार करीबी गुर्गे भी शामिल थे। सूत्रों का कहना है कि ये सभी लोग उस समय मरकज परिसर में मौजूद थे जब भारत ने आतंकवादी ठिकानों को टारगेट कर हमला किया। इसे जैश का प्रमुख प्रशिक्षण और संचालन मुख्यालय माना जाता है, जहां पुलवामा जैसे हमलों की साजिश रची जाती रही है।

### कनाडाई राष्ट्रपति बोले- जैसे व्हाइट हाउस बिकाऊ नहीं, वैसे ही हम भी बिकाऊ नहीं

# ट्रम्प ने दिया कनाडा को फिर से अमेरिका राज्य बनने का ऑफर

**एजेंसी ● वॉशिंगटन डीसी**

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी कल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिलने व्हाइट हाउस पहुंचे हैं। यहां दोनों नेताओं ने कई मुद्दों पर बात की। ट्रम्प ने कहा कि वह कनाडा के साथ दोस्ती चाहते हैं। उन्होंने मीडिया से कहा- हम कनाडा के साथ दोस्ती रखेंगे, चाहे कुछ भी हो जाए। ट्रम्प ने कहा कि उनके मन में कनाडाई लोगों के लिए बहुत सम्मान है। वो कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने के अपने बयान पर कायम हैं, हालांकि टैंगो के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। दूसरी तरफ कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी ने कहा जैसा कि आप (ट्रम्प) रियल एस्टेट के बारे में जानते हैं, कुछ जगह ऐसी होती हैं जो कभी बिकाऊ नहीं होती हैं। जैसे व्हाइट हाउस और बकिंघम पैलेस बिकाऊ नहीं हैं, वैसे कनाडा भी बिकाऊ नहीं है और न कभी होगा। इस पर ट्रम्प ने चुटकी लेते हुए कहा 'न कभी न कहो'। इसके बाद कार्नी ने मुस्कुराते हुए कहा- कभी नहीं, कभी नहीं, कभी नहीं।

**बयान**



#### कार्नी के कहने से कनाडा पर टैरिफ नहीं हटेगा

ट्रम्प ने कहा कि मार्क कार्नी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई, लेकिन अमेरिका अपनी कारें खुद बनाना चाहता है। हम कनाडा से कारें इंपोर्ट नहीं करना चाहते हैं। हम कनाडा से स्टील नहीं लेना चाहते क्योंकि हम खुद स्टील बना रहे हैं। उनसे पूछा गया कि क्या कार्नी उनसे कुछ ऐसा कह सकते हैं जिससे वह कनाडा पर टैरिफ हटा लें, ट्रम्प ने जवाब दिया- नहीं।

#### ट्रम्प ने कहा- हमारे टैरिफ से चीन को बहुत नुकसान हो रहा है

चीन के बारे में पूछे जाने पर ट्रम्प ने कहा कि उनके टैरिफ की वजह से बीजिंग की अर्थव्यवस्था को बहुत नुकसान हो रहा है। चीन टैरिफ खत्म करने के लिए व्यापार समझौते पर बातचीत करना चाहता है, हम सही समय पर उनके साथ बैठक करेंगे। ट्रम्प बोले- हूती लड़ाकों ने आत्म समर्पण कर दिया है ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका यमन में हूती लड़ाकों पर बमबारी बंद कर देगा, क्योंकि हूती लड़ाके शिपिंग जहजों पर हमला रोकने के लिए तैयार हो गए हैं। ट्रम्प ने बताया कि हूती लड़ाकों ने कहा है कि वे अब और लड़ना नहीं चाहते। उन्होंने कहा है कि हम पर और बमबारी मत करो और हम आपके जहाजों पर हमला नहीं करेंगे। वो फैसले का सम्मान करेंगे और हम बमबारी रोक देंगे। उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया है।

### 2000 किमी दूर 20 फाइटर जेट्स से 50 ठिकानों पर बम गिराए, एयरपोर्ट अटैक का बदला

# यमन में हूती विद्रोहियों के बंदरगाह पर इजराइली एयरस्ट्राइक

**एजेंसी ● सना**

इजराइली सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले बंदरगाह शहर हुदैदाह पर भीषण बमबारी की। सेना के मुताबिक हमले में 20 इजरायली वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने हिस्सा लिया। इसके लिए विमानों ने 2000 किमी की दूरी तय की। हमले में हुदैदाह पोर्ट और बाजिल कंक्रीट फैक्ट्री को निशाना बनाया गया। इजराइल डिफेंस फोर्स के मुताबिक फाइटर जेट्स ने कम से कम 50 टारगेट पर बम गिराए। इजराइल का यह हमला एक दिन पहले हूती विद्रोहियों के तेल अवीव में बेन गुरियन एयरपोर्ट हमले के जवाब में किया गया। मिसाइल हमले में कई लोग घायल हो गए थे। इसके बाद इजराइल ने इसका बदला लेने का ऐलान किया था।

#### हूती विद्रोही बोले- इजराइल को जवाब देंगे

हूती विद्रोहियों का कहना है कि इजराइली हमले में कम से कम 21 लोग घायल हो गए हैं। हूती विद्रोहियों के मीडिया विभाग के चीफ नसरुद्दीन आमेर ने कहा कि वे इस हमले का जवाब देंगे। इजराइली हमले उन्हें नहीं रोक पाएंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह हमला इजराइल और अमेरिका दोनों ने मिलकर किया था। हालांकि, एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा कि वाशिंगटन ने इन हमलों में भाग नहीं लिया। इजरायली सेना ने कहा कि यह हमला हूती शासन की अर्थव्यवस्था और उसके सैन्य निर्माण के लिए एक झटका है। बाजिल कंक्रीट फैक्ट्री उनके लिए एक अहम आर्थिक संसाधन के रुप में काम करती है और इसका उपयोग सुरंगों और सैन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए किया जाता है।

### देश के 26 राज्यों मे तेज आंधी-बारिश का अलर्ट, 4 राज्यों में ओलावृष्टि की चेतावनी

# आंधी-बारिश से बिहार में 5 लोगों की मौत

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

देश के 26 राज्यों में मौसम विभाग ने आज आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट जारी है। मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में ओलावृष्टि की भी चेतावनी है। गुजरात में भी मौसम की मिजाज बिगड़ा हुआ है। आंधी-बारिश से जुड़ी घटनाओं में राज्य में अबतक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य के कई जिलों में बुधवार को भी आंधी-बारिश के आसार है। बिहार में पिछले दिनों में आसमानी बिजली की चपेट में आने से 5 लोगों की मौत हुई। मंगलवार को भी राज्य के कई इलाकों में 70-110 केएमपीएच की रफ्तार से आंधी चली। मध्य प्रदेश में बीते दो दिन में कई जिलों में बारिश हुई और तेज आंधी चली। बुधवार को भी 9 जिलों में ओलावृष्टि और 34 जिलों में हल्की से तेज बारिश और आंधी चलने की संभावना है।

**अलर्ट**



#### क्लाइमेट ट्रेंड की रिपोर्ट- वेस्टर्न डिस्टर्बेंसेस का पैटर्न बदला

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का पैटर्न बदलने से मौसम पर सबसे ज्यादा असर होने लगा है। हिमालय पर जनवरी-फरवरी में होने वाली बर्फबारी मार्च-अप्रैल में होने लगी है। दो साल से सबसे ज्यादा स्नोकवर मार्च में हो रहा है। इससे हीटवेव के दौर घट रहे हैं। यह जानकारी जलवायु परिवर्तन पर अध्ययन करने वाली संस्था क्लाइमेट ट्रेंड ने दी है। सर्दियों में पश्चिम से आने वाले तूफानों को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस कहते हैं। कुछ साल पहले तक नवंबर से फरवरी के बीच सबसे ज्यादा डिस्टर्बेंस आते थे। हालांकि, चार-पांच सालों में इनकी सक्रियता जनवरी-फरवरी में कम होकर मार्च-अप्रैल में बढ़ गई है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)